# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रामगढ़ में जल सहिया को मिला सम्मान


• बोकारो, सोमवार 9 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 289 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


# महिला कर्मियों ने संभाली ट्रेन की पूरी जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को रांची रेलवे स्टेशन पर एक खास पहल देखने को मिली। महिलाओं की क्षमता और नेतृत्व को सम्मान देते हुए रांची-इरगांव ट्रेन का संचालन पूरी तरह महिला कर्मियों की टीम ने संभाला। इस ट्रेन की खास बात यह रही कि इसका पूरा संचालन पूरी तरह महिला रेलकर्मियों के हाथों में रहा। लोको पायलट से लेकर गार्ड, टिकट चेकर, सफाई कर्मी और सुरक्षा कर्मी तक सभी जिम्मेदारियां महिलाओं ने संभालीं। रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1ए से इस विशेष ट्रेन को रवाना किया गया। ट्रेन के रवाना होने के दौरान स्टेशन पर उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। रेलवे अधिकारियों और यात्रियों ने इस पहल की सराहना की और महिला कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। इस विशेष ट्रेन की लोको पायलट दीपाली थीं, जिन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ









ट्रेन का संचालन किया। वहीं ट्रेन में तैनात टिकट चेकर (टीटीई), गार्ड, सफाई कर्मी और सुरक्षा कर्मी भी सभी महिलाएं ही नजर आईं। इस तरह रेलवे के हर महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी महिलाओं ने संभालते हुए यह संदेश दिया कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार महिला दिवस के अवसर पर इस तरह की पहल का उद्देश्य महिलाओं की क्षमता, दक्षता और आत्मनिर्भरता को सामने लाना है। यह कार्यक्रम केवल एक प्रतीकात्मक कदम नहीं बल्कि समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और नेतृत्व को दर्शाने का प्रयास भी है। इस अवसर पर रांची मंडल की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शुचि सिंह ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और मेहनत से नया मुकाम हासिल कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि महिलाएं घर की सीमाओं से बाहर निकलकर समाज और देश के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि आज की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं और दुनिया के हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। हमारे देश की महिलाएं भी धरती से लेकर अंबर तक अपने साहस और क्षमता का परचम लहरा रही हैं। रेलवे में भी महिलाएं जिम्मेदारी के साथ महत्वपूर्ण पदों पर काम कर रही हैं और अपनी दक्षता साबित कर रही हैं। रांची रेल मंडल की यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक संदेश देती है। इस आयोजन के माध्यम से यह भी स्पष्ट हुआ कि महिलाओं को अवसर मिलने पर वे किसी भी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और कुशलता के साथ निभा सकती हैं। महिला दिवस पर संचालित यह महिला स्पेशल ट्रेन न केवल यात्रियों के लिए एक अनूठा अनुभव रही बल्कि समाज को यह संदेश देने में भी सफल रही कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आरपीएफ में तैनात रीता कुमारी ने कहा कि आज का दिन महिलाओं के लिए गर्व का दिन है। महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, सुरक्षा और तकनीक जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रही हैं, लेकिन अभी भी कई महिलाएं अवसरों से वंचित हैं। उन्हें भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। वहीं, रांची रेलवे स्टेशन के ऑपरेशन मैनेजर ने कहा कि महिलाओं को जागरूक और सशक्त बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर प्रयास करना होगा। महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से समाज और देश के विकास की गति भी तेज होगी। रेलवे की इस पहल को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है, जिसने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर को और भी खास बना दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पेड़ के नीचे मिला युवक का शव

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** कजरो-पिंडाटांड़ मुख्य मार्ग पर रविवार सुबह एक पेड़ के नीचे 22 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। यह घटना पचम्बा थाना क्षेत्र के पिंडाटांड़ से कुछ आगे की बताई जा रही है। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले कुछ लोगों की नजर सड़क किनारे पेड़ के नीचे पड़े एक युवक पर पड़ी। शुरुआत में लोगों को लगा कि वह बेहोश है लेकिन पास जाकर देखने पर उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पचम्बा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। बाद में शव की पहचान बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बडीयाबाद निवासी इब्राहीम अंसारी उर्फ कारू अंसारी के रूप में हुई।

### जामताड़ा में छात्र ने लगाई फांसी

**जामताड़ा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मिहिजाम थाना क्षेत्र के बादोलीगढ़ में शनिवार रात 14 वर्षीय छात्र ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान आयुष शर्मा के रूप में हुई है। वह चित्तरंजन स्थित संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल का छात्र था। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार आयुष शनिवार को वार्षिक परीक्षा के तहत गणित का पेपर देकर घर लौटा था। रात करीब 8 बजे उसने अपने कमरे में एल्युमिनियम की सीढ़ी के सहारे छत के हुक में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### साइबर ठगी मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। करोड़ों रुपये के अवैध लेनदेन और व्हाट्सऐप के जरिए की गई ठगी के मामले में धनबाद साइबर थाना पुलिस की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि पहला मामला करीब 2.5 करोड़ रुपये की साइबर ठगी से जुड़ा है। इस मामले में साइबर थाना धनबाद में 9 जुलाई 2025 को केस दर्ज किया गया था।

### प्लाई गोदाम में आग लगने से तीन लोग झुलसे

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला के झरिया थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा हुआ है। झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग पर स्थित बस्ताकोला एक प्लाई गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग से निकला धुंआ और गुब्बार के कारण आसपास का इलाका पूरा धुंधला हो गया और देखते ही देखते आग ने भयावह रूप ले लिया। इस घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई, फायर ब्रिगेड की टीम दमकल वाहन के जरिए आग पर काबू पाने में जुटी है।

# पुलिस-अपराधियों के बीच मुठभेड़, प्रिंस गैंग का शूटर व एसआई घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** जिले के सरायढेला थाना क्षेत्र में धनबाद पब्लिक स्कूल के पास पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान कुख्यात प्रिंस गैंग का एक शूटर और एक पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मी सरायढेला थाना के सब-इंस्पेक्टर (एसआई) बालमुकुंद हैं जबकि घायल अपराधी की पहचान सुजीत ओझा के रूप में हुई है। दोनों को इलाज के लिए धनबाद के असरफी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रिंस गिरोह का एक शूटर इलाके में रंगदारी वसूलने के लिए पहुंचा हुआ है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इलाके में संदिग्धों की तलाश शुरू की। पुलिस की घेराबंदी होते ही अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की और दोनों तरफ से गोलियां चलीं। धनबाद के एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम



जब मौके पर पहुंची और इलाके को चारों ओर से घेर लिया तभी अपराधियों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें प्रिंस गैंग का शूटर सुजीत ओझा गोली लगने से घायल हो गया। हालांकि उसका एक साथी मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। मुठभेड़ के दौरान अपराधियों ने पुलिस पर बम भी फेंका जिससे इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके से एक बम भी बरामद किया है। घायल अपराधी को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर तुरंत अस्पताल भेज दिया। उसके पास से कुछ आपत्तिजनक सामान मिलने की भी जानकारी मिल रही है जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी से पूछताछ के बाद गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी मिलने की उम्मीद है। मुठभेड़ के दौरान सरायढेला थाना के एसआई बालमुकुंद भी गोली लगने से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि उन्हें हाथ में गोली लगी है। घटना के तुरंत बाद पुलिसकर्मियों ने उन्हें असरफी अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद पूरे इलाके में पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है और आसपास के क्षेत्रों में सघन सर्च अभियान चलाया जा रहा है। फरार अपराधी की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगी हुई हैं। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। जल्द ही फरार अपराधी को भी गिरफ्तार करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं मुठभेड़ की खबर के बाद इलाके में लोगों के बीच चर्चा का माहौल बना रहा और पुलिस की कार्रवाई को लेकर हलचल देखी गई।

# रेस्टूरेंट में फायरिंग, कर्मचारी की मौत

## सीसीटीवी में कैद हुई बेखौफ वारदात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के लोधमा रोड कुतियातु चौक के समीप स्थित होटल टीटॉस में शनिवार रात हथियारबंद अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। गोलीबारी की घटना में होटल के वेटर मनीष गोप की गोली लगने से मौत हो गयी। इस वारदात को अंजाम देकर अपराधी मौके से फरार हो गए। अपराधी दो की संख्या में पहुंचे थे और होटल में घुसते ही ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद सिटी एसपी पारस राणा, जगन्नाथपुर थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह, अरगोड़ा थाना प्रभारी अनिल तिवारी, डोरंडा थानेदार दीपिका कुमारी, एयरपोर्ट थानेदार पंकज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुचे। पुलिस की टीम ने घटनास्थल से चार खोखा बरामद किया है। सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि अपराधियों का टारगेट मनीष नहीं था। गोलीबारी में मनीष की मौत हुई है। पूरे मामले में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। टीटॉस रेस्टूरेंट के मालिक राजकुमार गोप हैं। राजकुमार ने बताया कि पिछले साल 25 दिसंबर को प्रिंस खान के नाम पर उनसे एक करोड़ की रंगदारी मांगी गई थी। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी थी। प्रिंस खान के द्वारा धमकी दिए जाने के बाद राजकुमार को एक महीने के लिए बॉडीगार्ड भी दिया गया था लेकिन कुछ दिन पहले ही बॉडीगार्ड को क्लोज कर दिया गया। राजकुमार गोप ने बताया कि अपराधियों का निशाने पर वह थे लेकिन तबाड़तोड़ फायरिंग की वजह से उनके कर्मचारी जो उनका रिश्तेदार भी था, मारा गया। रेस्टूरेंट में हुई फायरिंग का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी में बाइक सवार अपराधियों का बेखौफ अंदाज देखने को मिल रहा है।

# नवजात के शव को डिब्बे में रख घर ले गया पीड़ित पिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल से मानवता को झकझोर देने वाली एक घटना सामने आई है। आरोप है कि अस्पताल से किसी प्रकार की मदद नहीं मिलने पर एक गरीब पिता को अपने नवजात बच्चे का शव कार्डबोर्ड के डिब्बे में रखकर गांव ले जाना पड़ा। इस घटना के बाद सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, सराईकेला थाना क्षेत्र के बंगरासाई गांव निवासी रामकृष्ण हेंब्रम अपनी पत्नी रीता तिरिया को प्रसव के लिए कुछ दिन पहले चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल लेकर आए थे। शनिवार को महिला ने बच्चे को जन्म दिया लेकिन जन्म के कुछ ही देर बाद नवजात की मौत हो गई। इसके बाद पीड़ित पिता ने बच्चे के शव को गांव तक पहुंचाने के लिए एंबुलेंस या किसी वाहन की व्यवस्था करने की मांग की लेकिन परिजनों के अनुसार अस्पताल की ओर से कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई। मजबूरी में पिता ने पास में पड़े एक खाली कार्डबोर्ड के डिब्बे में अपने नवजात के शव को रखा और उसी में लेकर गांव के लिए निकल पड़ा। इधर, अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ अंशुमन शर्मा ने कहा कि पीड़ित परिवार ने शव ले जाने के लिए अस्पताल से किसी प्रकार की मदद नहीं मांगी थी। उनका कहना है कि यदि अस्पताल को इसकी जानकारी दी जाती तो ममता वाहन के माध्यम से शव को घर तक भेजने की व्यवस्था की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन मरीजों को हरसंभव सुविधा देने का प्रयास करता है और भविष्य में ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## मंत्रियों और विधायकों को भी मिलेंगी आइएएस-आइपीएस जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं

# स्वास्थ्य की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने राज्य के मंत्रियों, विधायकों, पूर्व विधायकों तथा उनके परिवारों के लिए एक बड़ा और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कहा कि अब उन्हें भी आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की तर्ज पर बेहतर एवं समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जानकारी देते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण निर्णय झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मार्गदर्शन और सहमति से लिया गया है। इसके लिए नई नियमावली का प्रारूप तैयार कर लिया गया है, जिसे जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के अनुसार राज्य के मंत्रियों, विधायकों, पूर्व विधायकों एवं उनके परिवारों को आईएएस-आईपीएस अधिकारियों की तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। नई नियमावली के तहत उन्हें उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा और चिकित्सा खर्च की प्रतिपूर्ति का लाभ मिलेगा। यह व्यवस्था ऑल इंडिया सर्विसेज मेडिकल अटेंडेंस रूल्स, 1954 की तर्ज पर लागू की जाएगी। चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति का भुगतान झारखंड विधानसभा सचिवालय के माध्यम से किया जाएगा। नई व्यवस्था लागू होने के बाद देश के विभिन्न अस्पतालों में बेहतर और कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त करना आसान होगा। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बताया कि स्वास्थ्य की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है। जब राज्य का स्वास्थ्य विभाग आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराता है, तो मंत्रियों, विधायकों और पूर्व विधायकों को भी उसी स्तर की व्यवस्था मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कई जनप्रतिनिधियों ने इलाज के दौरान आने वाली कठिनाइयों और अस्पतालों में पर्याप्त कवरेज न मिलने की समस्या से उन्हें अवगत कराया था। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए गहन अध्ययन और विचार-विमर्श के बाद पुरानी व्यवस्था को समाप्त कर नई नियमावली लागू करने का निर्णय लिया गया है। झारखंड सरकार पहले से ही राज्य के सरकारी कर्मचारियों और अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान कर रही है। अब नई व्यवस्था लागू होने के बाद मंत्रियों, विधायकों और पूर्व विधायकों को भी अधिक व्यापक, पारदर्शी और प्रभावी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि यह निर्णय जनप्रतिनिधियों के स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को और व्यवस्थित तथा आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


# आदिवासियों के खिलाफ हो रहा अघोषित युद्ध : बृंदा करात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दुमका।** केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ लोगों को एकजुट करने के लिए सीपीआई(एम) की नेता बृंदा करात के नेतृत्व में आज दुमका से जन आक्रोश जत्था निकाला गया। शहर के सिदो-कान्हू चौक से शुरू हुआ यह जत्था तीन दिनों तक संथाल परगना के विभिन्न जिलों के गांव-गांव में जाएगा। इसका उद्देश्य लोगों को बताना है कि मोदी सरकार की नीतियां जन-विरोधी हैं और इसके खिलाफ एकजुट होना जरूरी है। साथ ही, इन मुद्दों पर सीपीआई(एम) द्वारा 24 मार्च को दिल्ली में आयोजित रैली में शामिल होने की अपील की जाएगी। इस मौके पर बृंदा करात ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम शपथ लेते हैं कि इस पुरुषवादी समाज के खिलाफ समानता का अधिकार पाने की



लड़ाई निरंतर जारी रहेगी। बृंदा करात ने कहा कि आज केंद्र की मोदी सरकार ने आदिवासियों के खिलाफ अघोषित युद्ध छेड़ रखा है। उनकी नीतियां आदिवासियों, गरीबों, मजदूरों और किसानों के हित में नहीं हैं। हम अपने साथियों के साथ मिलकर गांव-गांव जाएंगे और लोगों को बताएंगे कि मोदी सरकार किस तरह उनका शोषण कर रही है। आप इसके खिलाफ एकजुट हों। हमारी पार्टी द्वारा इन मुद्दों पर 24 मार्च को दिल्ली में आयोजित रैली में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करें। इस दौरान जत्थे में शामिल लोगों ने नारा लगाया-'जमीन हमारा, राज तुम्हारा नहीं चलेगा। उनकी प्रमुख मांगों में मनरेगा योजना की जगह लाई जा रही विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना वापस लेने, पर्याप्त बजट प्रावधान के साथ मनरेगा को सुदृढ़ करने और प्रतिवर्ष 200 दिनों का रोजगार तथा 700 रुपये प्रति दिन की मजदूरी सुनिश्चित करने, बिजली (संशोधन) विधेयक 2025 वापस लेकर सस्ती दर पर सभी को बिजली एक अधिकार के रूप में उपलब्ध कराने, बीज विधेयक 2026 वापस लेकर किसानों के बीज बचाने, तैयार करने और आपस में बांटने के अधिकार को कानूनी रूप से मजबूत करने, अमेरिका के साथ किया गया देशहित विरोधी व्यापार समझौता रद्द करने और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों के दबाव का मुकाबला करने एवं चारों लेबर कोड वापस लेकर श्रम कानूनों को मजबूत कर सख्ती से लागू करना शामिल है।



C M Y K

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर "जल महोत्सव पखवाड़ा" का शुभारंभ

## कार्यक्रम में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर दिया गया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त आर रॉनिटा के निदेर्शानुसार आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर भवन, में जिला जल एवं स्वच्छता समिति, जिला समाज कल्याण विभाग एवं जेएसएलपीएस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

इस दौरान जल महोत्सव पखवाड़ा का शुभारंभ उप विकास आयुक्त-सह-नोडल पदाधिकारी, जिला जल एवं स्वच्छता समिति आलोक कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल खूंटी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया तथा स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने विशेष रूप से खूंटी जिले की महिलाओं द्वारा खेल, उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। साथ ही समाज कल्याण विभाग एवं जेएसएलपीएस के माध्यम से महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं का लाभ उठाने तथा इन



योजनाओं से जुड़कर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं की प्रशंसा भी की।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ने जल महोत्सव पखवाड़ा के उद्देश्यों की जानकारी दी, बताया गया कि जल महोत्सव पखवाड़ा का आयोजन 8 मार्च से 22 मार्च तक किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा इस संबंध में तिथिवार कार्यक्रमों के आयोजन हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं। सभी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का तिथिवार सफल आयोजन को लेकर उप विकास आयुक्त द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान जल संरक्षण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखिया, जल सहिया, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, प्रखंड वॉश समन्वयक समेत अन्य को सम्मानित किया गया। साथ ही जल महोत्सव पखवाड़ा के तहत जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा इस पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद उपाध्यक्ष, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर चास में एक विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और समाज में महिलाओं की भूमिका, चुनौतियों तथा उपलब्धियों पर अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर मुख्य पैनलिस्ट के रूप में प्रांजल डांढ़ा (एसडीएम, चास), डॉ. रश्मि मेधा (मेडिकल ऑफिसर), अलका मिश्रा (पत्रकार), संगीता (थाना प्रभारी, सेक्टर-6), चांदिनी यादव (व्लॉगर), डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसल, पम्मी झा (बीएलओ) तथा सुधा कुमारी उपस्थित रहीं।

सभी वक्ताओं ने अपने जीवन संघर्ष, कार्यक्षेत्र के अनुभव तथा महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम का संचालन डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को सम्मानित किया गया तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया गया।

# महिला दिवस के अवसर पर रक्तदान सह सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद ।** महिला दिवस के अवसर पर नेताजी सुभास चंद्र बोस समिति श्यामनगर मे रक्तदान सह महिला सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया। महिला दिवस महिला के शक्ति के संघर्ष और सफलता को दशार्ता है और उन्हें शशक्त बनाने के लिए प्रेरित करता है. आज इसी उपलक्ष मे नेताजी सुभास चंद्र बोस समिति ने रक्तदान महादान का कार्यक्रम के साथ साथ महिला सम्मान भी रखा। क्यूंकि एक राष्ट्र निर्माण मे महिलाओ का भी एक बड़ा योगदान रहा है। आज रक्तदान समारोह मे भूली वार्ड संख्या 15 से रेमा सिंह, वार्ड संख्या 16 से अरुणा कुमारी, वार्ड संख्या 17 से मो इम्तिहान अंसारी मौजूद रही और अपने हाथो से रक्तदाता एवं रक्तदात्रिओ को पौधा, मोमेंटो एवं प्रसशित पत्र देकर सम्मान और उनकी हौसला आफजाई की गई ।साथ ही एसजेएसके ब्लड कोर्डिनेटर सुदीप पांडेय ने रक्तदाताओं को रक्त सम्बंधित जानकारी भी दी। अबतक 30 यूनिट रक्त संग्रह हो चूका है।साथ ही संस्था के मीडिया प्रभारी नीलकमल खावस ने बताया की रक्तदान करने से हम तीन लोगो की जान बच्चा सकते है। आज की इस




कार्यक्रम को सफल बनाने मे नेताजी सुभास चंद्र बोस समिति के संयोजक राजेंद्र प्रसाद साहू,अध्यक्ष राकेश कांति बिस्वास, रोटी बैंक युथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर, सचिव दिलबाग सिंह, नीलकमल खवास,स् ोानू कुमार, प्रदीप कुमार,राजीव बनर्जी, पंकज सिंह मुकेश कुमार,संदीप साव,सुजल साव शुभम साव, रिंकल साथ ही महिलाओ मे अंकिता बिस्वास,अर्पिता बिस्वास, पूर्णिमा बिस्वास,मंजू सिंह,देबजानी मुखर्जी, पम्पा बैनर्जी ने अपना अहम योगदान दिया ।

## चकहरभों में रोका गया बाल विवाह

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम चकहरभों में रविवार को एक नाबालिग बालिका का बाल विवाह होने से प्रशासन द्वारा रोक दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चकहरभों निवासी विरेंद्र कुमार चौरसिया की नाबालिग पुत्री नेहा कुमारी का विवाह रविवार को कराए जाने की तैयारी की जा रही थी।इस संबंध में सूचना प्राप्त होने पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान के नेतृत्व में मामले की त्वरित जांच की गयी।

बाल विवाह की रोकथाम के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चैनपुर,प्रखंड विकास पदाधिकारी चैनपुर तथा चैनपुर थाना की संयुक्त टीम द्वारा स्थल पर पहुंचकर स्थिति की जांच की गई।टीम ने नाबालिग के पिता एवं परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा विधिक प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए समझाया। प्रशासनिक टीम के समझाने-बुझाने के बाद परिजन सहमत हो गए तथा यह आश्वासन दिया कि बालिका का विवाह विधि अनुसार निर्धारित आयु (18 वर्ष) पूर्ण होने के बाद ही किया जाएगा।

# एनटीपीसी को जमीन नहीं देने पर डटे किसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बेगूसराय। पटना जिला के मोकामा अंचल अंतर्गत कसहा दियारा की जमीन को टोपो लैंड घोषित कर बिहार सरकार द्वारा करीब 290 एकड़ भूमि एनटीपीसी को छाय निस्तारण के लिए दिए जाने के मामले को लेकर शनिवार को मटिहानी में किसानों और प्रशासन के बीच वार्ता हुई।

हालांकि बैठक का कोई ठोस परिणाम नहीं निकल सका और वार्ता बेनतीजा समाप्त हो गई। बताया जाता है कि कसहा दियारा की अधिकांश जमीन बेगूसराय जिले के मटिहानी अंचल के रामदीरी गांव के किसानों के दखल-कब्जे में है।

इसी मुद्दे को लेकर मोकामा अंचल के राजस्व अधिकारी शंभू कुमार तथा मटिहानी की सीओ पृथा अखौरी ने किसानों के साथ बैठक कर समाधान निकालने का प्रयास किया।

बैठक में किसानों ने कहा कि वर्ष 1921 में सरकार द्वारा बंदोबस्त कर यह जमीन उन्हें दी गई थी और तब से वे लगातार इस भूमि पर खेती करते आ रहे हैं।

किसानों का कहना था कि वे नियमित रूप से जमीन का रसीद भी कटाते रहे हैं, इसलिए अब इस जमीन को टोपो लैंड घोषित कर एनटीपीसी को देना उनके साथ अन्याय है।

किसानों ने प्रशासन के समक्ष कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि वे किसी भी स्थिति में अपनी जमीन नहीं छोड़ेंगे और अंतिम दम तक इसका विरोध करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए अदालत के फैसले से पहले किसी प्रकार की कार्रवाई उचित नहीं होगी। बैठक में जिला पार्षद झुन्ना सिंह, मुखिया अभय कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित थे।

## कॉम्पिटिटिव एग्जाम हब शहरों में

# नेटफ्लिक्स की सीरीज 'हैलो बच्चों' को मिला जबरदस्त रिस्पॉन्स




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पुणे।** नेटफ्लिक्स हैलो बच्चों सीरीज को भारत के उन शहरों तक लेकर गया, जिन्हें कॉम्पिटिटिव एग्जाम के बड़े केंद्र माना जाता है। इसके लिए रीजेंट सिनेमा, पटना, विक्ट्री थिएटर, पुणे और सिटी मॉल फन सिनेमा, कोटा में खास स्क्रीनिंग आयोजित की गई। स्क्रीनिंग के दौरान हर जगह ऐसा माहौल बन गया, जैसे छात्रों के सपनों, उनकी मेहनत और आगे बढ़ने की चाह का जश्न मनाया जा रहा हो।


पुणे के विक्ट्री थिएटर में जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली, जहां 490 छात्रों और स्टाफ के साथ हॉल पूरी तरह भरा हुआ था। यह पल इसलिए भी खास था, क्योंकि पुणे को कॉम्पिटिटिव परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों का बड़ा केंद्र माना जाता है। वहीं कोटा, जिसे देश की कोचिंग राजधानी कहा जाता है, और पटना जैसे बड़े छात्र केंद्रों में भी स्क्रीनिंग के दौरान बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक और परिवार पहुंचे। फिल्म देखते समय कई दर्शकों को इसमें अपने संघर्ष और अपने सपनों की झलक दिखाई दी। स्क्रीनिंग के दौरान हर जगह का माहौल उत्साह से भरा हुआ था, लेकिन साथ ही भावुक भी था। कई जगहों पर दर्शकों ने खुद-ब-खुद तालियां बजाईं और कुछ लोग भावुक भी हो गए। पुणे के एक छात्र ने कहा, ह्लमैंने यहाँ इसके पहले दो एपिसोड देखे और यह बहुत प्रेरणादायक लगा। ऐसा लगा जैसे स्क्रीन पर मेरी ही छात्र जीवन की संघर्ष की कहानी दिखाई जा रही हो। इस सीरीज में दिखाया गया है कि कैसे छात्र शून्य से शुरूआत करते हैं और पढ़ाई के जरिए अपनी परिस्थितियों को बदलने की कोशिश करते हैं। छात्र की यह बात उस हिम्मत और संघर्ष की भावना को दशार्ती है, जिसे यह सीरीज दिखाती है। वहीं पटना के एक छात्र ने कहा, ह्लसीरीज के दो एपिसोड में जो दिखाया गया, मैं भी उसी दौर से गुजर रहा हूँ। यह एक बहुत प्रेरणादायक सीरीज है। मैं भी अब और मेहनत से पढ़ाई करना चाहता हूँ और इंडियन इंस्टीट्यूट्स ऑफ टेक्नोलॉजी में जाना चाहता हूँ। यह दिखाता है कि कहानी उनके जीवन से कितनी मिलती-जुलती है। वहीं कोटा से नीट की तैयारी कर रही एक छात्रा ने बताया, सीरीज के दो एपिसोड देखकर ऐसा लगा जैसे मेरी ही जिंदगी के कुछ पल दिखाए जा रहे हों। कॉम्पिटिटिव एग्जाम की तैयारी करने वाले छात्रों के रूप में हम इसमें बहुत सी बातों से जुड़ पाए। इसमें उतार-चढ़ाव को बहुत सच्चाई से दिखाया गया है, इसलिए यह सीरीज बहुत प्रेरणादायक है। इसने मुझे याद दिलाया कि मुश्किल समय में भी आगे बढ़ते रहना चाहिए।

**असली संघर्ष पर आधारित यह कहानी उन शहरों में सबसे ज्यादा पसंद की जा रही है, जहाँ छात्र पढ़ाई और कॉम्पिटिटिव परीक्षाओं की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत करते हैं**

# पुलिस- अपराधियों के बीच मुठभेड़

## प्रिंस खान का शूटर और एक दरोगा घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**धनबाद।** कोयलांचल में एक बार फिर अपराधियों और पुलिस के बीच सीधी भिड़ंत देखने को मिली है। रविवार शाम सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित धनबाद पब्लिक स्कूल के समीप पुलिस और गैंग्स ऑफ वासेपुर के गुर्गे प्रिंस खान के शूटर के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई। इस गोलीबारी में पुलिस का एक अधिकारी और एक अपराधी घायल हो गए हैं।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रिंस खान के गुर्गे इलाके में किसी व्यवसायी से रंगदारी वसूलने आने वाले हैं। सूचना के आधार पर सरायढेला पुलिस ने जाल बिछाया। जैसे ही अपराधी मौके पर पहुंचे, पुलिस ने उन्हें घेरने की कोशिश की। खुद को घिरा देख अपराधियों ने पुलिस टीम पर बम और गोलियों से हमला कर दिया। अपराधियों की ओर से किए गए हमले में सरायढेला थाना के रकबालमुकुंद घायल हुए हैं। उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें प्रिंस खान का एक शूटर गोली लगने से घायल होने की खबर है।

# अस्पताल से कूट के डब्बे में रखकर ले गया नवजात का शव

## जन्म के कुछ समय बाद ही हो गई थी मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली एक बार फिर उजागर हुई है। पश्चिमी सिंहभूम जिले में कुछ दिन पहले मृत बच्चे को झोले में ले जाने की घटना से विभाग की किरकिरी हुई थी। अब ताजा मामला चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल से सामने आया है, जहां नवजात शिशु की मौत के बाद परिजनों को उसका शव डब्बे में भरकर घर ले जाने को मजबूर होना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, कराइकेला थाना क्षेत्र के बंगरासाई निवासी रामकृष्ण हेम्ब्रम ने तीन दिन पूर्व



अपनी पत्नी रीता तिरिया को चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया था। शनिवार को रीता तिरिया ने एक बच्चे को जन्म दिया, लेकिन जन्म के कुछ ही समय बाद नवजात की मौत हो गई।

परिजनों का आरोप है कि बच्चे की मौत के बाद अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों ने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया और बार-बार रामकृष्ण हेम्ब्रम पर बच्चे का शव घर ले जाने का दबाव बनाने लगे। अस्पताल की ओर से न तो एंबुलेंस की व्यवस्था की गई और न ही शव को सुरक्षित तरीके से ले जाने के लिए कोई अन्य विकल्प बताया गया।

मजबूरी में रामकृष्ण हेम्ब्रम अपने नवजात शिशु के शव को एक कूट के डब्बे में रखकर घर ले गए। ग्रामीणों का कहना है कि गांव-देहात से आने वाले मरीजों के साथ अस्पताल कर्मियों का व्यवहार अक्सर ठीक नहीं रहता, जिसके कारण परिजनों को इस तरह की अपमानजनक स्थिति का सामना करना पड़ता है।

गौरतलब है कि इससे पहले चाईबासा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मृत एक बच्चे के शव को नोवामुंडी झोले में ले जाने की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। यह मामला झारखंड हाईकोर्ट तक पहुंचा था, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू की थी। अब चक्रधरपुर की यह घटना स्वास्थ्य व्यवस्था पर फिर से गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

# खंभे से बांधकर महिला को पीटने का आरोप

## इलाज के दौरान पीड़िता की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मधुबनी जिले के घोघरडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत अमही गांव में न्याय की गुहार लगाने गई एक 40 वर्षीय महिला के साथ कथित रूप से अमानवीय व्यवहार और मारपीट का मामला सामने आया है। इलाज के दौरान महिला की मौत हो जाने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। रविवार को घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई है।

जानकारी के अनुसार, अमही गांव वार्ड संख्या 11 निवासी मो. सहासुद्दीन की 40 वर्षीय पत्नी रौशन खातून बीते 25 फरवरी को अपनी फरियाद लेकर स्थानीय मुखिया कुमारी देवी के दरवाजे पर पहुंची थी। आरोप है कि बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया, जिसके बाद मुखिया ने अपने परिजनों को बुला लिया। इसके बाद महिला के साथ कथित रूप से मारपीट की घटना हुई।

बताया जा रहा है कि परिजनों ने महिला को दरवाजे पर ही खंभे से बांधकर बेरहमी से पिटाई कर दी। बाद में डायल 112 पुलिस को बुलाकर महिला को थाने भेज दिया गया। थाना पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच वार्ता कर उन्हें छोड़ दिया। इस घटना के बाद महिला की



तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई।

गंभीर रूप से घायल महिला को परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घोघरडीहा में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। अनुमंडलीय अस्पताल में भी हालत में सुधार न होने पर उसे दरभंगा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**भागलपुर।** तिलकामांझी थाना क्षेत्र के जवारीपुर कोल्ड स्टोरेज स्थित एक युवक ने फंदे से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान 30 वर्षीय जितेंद्र कुमार सिंह उर्फ मंगल के रूप में हुई है। पुलिस और एफएसएल टीम ने जांच शुरू कर दी है। मृतक के पिता प्रमोद सिंह ने बताया कि कई महीनों से उनका बेटा अपनी बेटी की बीमारी से परेशान चल रहा था। लगातार डॉक्टरों के चक्कर और इलाज पर भारी खर्च के बावजूद बेटी की हालत में कोई सुधार नहीं हो रहा था। इस कारण परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा था। बेटी के इलाज की भागदौड़ में जितेंद्र की एकमात्र नौकरी भी चली गई, जिससे वह और अधिक मानसिक दबाव में आ गया।

परिजनों ने बताया कि बिहार में शराबबंदी के बावजूद जितेंद्र को शराब की लत थी और वह लगातार अपने दोस्तों के साथ शराब का सेवन करता था। रविवार सुबह जब दरवाजा नहीं खुला तो परिवार को लगा कि देर रात शराब पीने के कारण वह सो रहा होगा। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो पीछे से देखा तो जितेंद्र फंदे से लटका हुआ था।

# महिला दिवस पर 'नारी शक्ति' के सम्मान में कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बोकारो। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को बहादुरपुर स्थित सहयोगिनी कार्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं के सम्मान में जागरूकता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नारी शक्ति ने जश्न मनाया।

कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कसमार प्रखंड प्रमुख नियती दे ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं और समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। कार्यक्रम के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की महिला-केंद्रित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने विशेष रूप से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना और सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के




सकारात्मक प्रभावों को रेखांकित किया। उपस्थित जनसमूह को सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने जानकारी देते हुए कही कि कैसे इन योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र की महिलाएं और किशोरियां आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि आज क्षेत्र की बेटियां शिक्षा और स्वरोजगार के हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और समाज निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सहयोगिनी की महिला कार्यकताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इन्होंने बाल विवाह रोक थाम, बाल हिंसा, महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान दिया है। सम्मान पाकर महिलाओं के चेहरे खिल उठे और उन्होंने समाज के विकास में अपनी भागीदारी और बढ़ाने का दृढ़ संकल्प लिया। इस दौरान महिला तथा किशोरियों के बीच होने वाली डिजिटल हिंसा तथा सरकारी योजनाओं से जुड़ाव पर पैनल चर्चा का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया सुमित्रा कुमारी, सहयोगिणी के निदेशक गौतम सागर, कुमारी किरण, प्रकाश कुमार महतो, अभय कुमार सिंह लबानी घोष, संगीता देवी, सूर्यमणि देवी, मंजू देवी, विनीता देवी, रवि कुमार राय, नीतू कुमारी, सोनी कुमारी, विकास गोस्वामी, अनिल हेंब्रम सहित भारी संख्या में स्थानीय महिलाएं और प्रबुद्ध नागरिक मौजूद थे।

# स्नान के दौरान पांच बच्चे डूबे

## बच्चे गये थे अभिभावकों के साथ चारा लाने

### दो की बची जान, तीन की तलाश जारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** बिहपुर प्रखंड के हरियो पंचायत अंतर्गत हरियो कोसी त्रिमुहान घाट के पास नदी स्नान करने के दौरान पांच बच्चे डूब गए।इस दौरान दो बच्चे जैसे-तैसे पानी से निकलने में सफल रहे। वहीं तीन बच्चों को नदी में स्थानीय गोताखोरों द्वारा तलाश जारी है।

जिन बच्चों की पानी में तलाश की जा रही है, उसमें हरियो पंचायत के वार्ड नंबर 12 महेशपुर निवासी कैप्टन यादव का 13 वर्षीय पुत्र लक्ष्मण कुमार,शंकर शर्मा का 12 वर्षीय पुत्र नयन कुमार व पिंटू यादव का 14 वर्षीय पुत्र युवराज उर्फ प्रीतम कुमार शामिल है।

वहीं घटना को लेकर मुखिया प्रतिनिधि सच्चिदानंद सिंह व ग्रामीण महेंद्र त्रृषिदेव ने क्षेत्रीय विधायक इ.शैलेंद्र को जानकारी दी। विधायक ने तुरंत नवगछिया एसडीओ रोहित कर्दम समेत अन्य अधिकारियों घटना के बारे बताया।इधर बच्चों की डूबने की खबर पूरे इलाके जंगल की आग तरह फैल गई।

सैकड़ों लोगों की भीड़ नदी किनारे पहुंच गई। जहां बीडीओ सत्यनारायण पंडित,नदी थानाध्यक्ष केशवचंद्र दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए।वहीं बताया गया कि नदी में डूबे बच्चों की खोज के लिए एसडीआरएफ भी यहां पहुंच रही है।

मिली जानकारी के अनुसार सभी बच्चे अपने अभिभावों के साथ पशुचारा लाने कोसीपार गोविंदपुर गए।इसी दौरान वापसी में पांच बच्चे नदी में स्नान करने चले गए।इसी दौरान शरारत व मस्ती करने के दौरान दो बच्चे गहरे पानी डूबने लगे। उसे बचाने गया तीसरा भी उसी चपेट में आ गया।जबकि दो बच्चे पानी से निकलने में सफल रहा।घटना को लेकर घाट से लेकर गांव तक सन्नाटा व शोक पसर गया है।

## सड़क दुर्घटना में जवान की मौत

**गयाजी।** गया जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र के संडेश्वर गांव निवासी आईटीबीपी जवान की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो जाने से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को जैसे ही जवान के निधन की खबर गांव पहुंची और पूरे क्षेत्र में मातम छा गया।

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रविवार को जवान का पार्थिव शरीर राजकीय सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव संडेश्वर लाया गया। जैसे ही पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, लोगों की आंखें नम हो गईं। क्षेत्र के सैकड़ों लोग हाथों में तिरंगा लेकर अंतिम यात्रा में शामिल हुए और अमर रहे, अमर रहे के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा।प्राप्त जानकारी के अनुसार संडेश्वर गांव निवासी आईटीबीपी जवान रंजीत कुमार उर्फ लालू कुमार बीते चार मार्च को गया शहर के भुसुंडा के समीप बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि वे बुरी तरह घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

# घरेलू गैस मूल्यवृद्धि के विरोध में केंद्रीय मंत्री का पुतला दहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** घरेलु गैस के दाम में 60 रुपया तथा कमर्शियल गैस के दाम में 115 रुपया मूल्य वृद्धि के खिलाफ कॉंग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने गया के स्थानीय टावर चौक पर केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पूरी का पुतला दहन कर भारी विरोध किया।

इस अवसर पर उपस्थित बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, टिंकू गिरी, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, विपिन बिहारी सिन्हा, विशाल कुमार, धर्मेंद्र कुमार निराला, सुनील कुमार पासवान आदि ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के एक दिन पहले देश के गरीब , मध्यमवर्गीय परिवार के महिलाओं को घरेलू गैस के दाम में 60 रुपया की बढ़ोतरी कर महंगाइ की मार कर उनके आँखों में आंसू देने का काम किया है।



नेताओं ने कहा कि विगत कई वर्षों से मोदी सरकार अमेरिका के हाथों की कठपुतली बन काम कर रही है, चाहे रूस से कच्चे तेल खरीदने की अनुमति सहित सभी वैश्विक निर्णय अमेरिका के इशारे पर करने पर आज देशवासी प्रधानमंत्री को कॉमपरमाइज पीएम कह रहे हैं।

नेताओं ने कहा कि शायद एपस्टिन फाइल की डर से केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पूरी इस्तीफा देने के बजाय घरेलु गैस मूल्यवृद्धि कर गरीब मध्यमवर्गीय परिवारों के जले शरीर पर नमक रगड़ने का काम कर रहे हैं। नेताओं ने केंद्र सरकार से अविलंब घरेलु गैस मूल्यवृद्धि वापस करने की मांग की।

# निगरानी दो फर्जी शिक्षकों के विरूद्ध दर्ज करायी प्राथमिकी

## दोनों के प्रमाण पत्र निकले फर्जी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांका।** फर्जी शिक्षकों की जांच में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो एक बार फिर सक्रिय हो गया है। निगरानी इंस्पेक्टर ने अमरपुर और शंभुगंज के दो फर्जी शिक्षकों के खिलाफ संबंधित थाना में केस दर्ज कराया है।

अमरपुर थाना में प्रोन्नत मध्य विद्यालय कटोरिया के शारीरिक शिक्षक अरविंद कुमार के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। अरविंद कुमार का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र फर्जी निकला है।उनके शारीरिक प्रशिक्षण की डिग्री इलाहाबाद की है, जो पहले से ही अमान्य संस्थान है।

इसके बावजूद अरविंद वर्षों से पंचायत नियोजन समिति के माध्यम से बहाल होकर नौकरी कर रहे हैं।

अमरपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद वे शनिवार को भी विद्यालय में उपस्थित रहे हैं।

जबकि दूसरी प्राथमिकी शंभूगंज थाना में प्राथमिक विद्यालय रायपुरा कुर्मा के शिक्षक सुबोध कुमार सिंह के खिलाफ दर्ज कराई गई है। वे रजौन के रहने वाले बताए जा रहे हैं। उनकी बहाली भी 2010 में ही पंचायत शिक्षक के रूप में हुई है।

हालांकि, सुबोध कुमार सिंह लंबे समय से विद्यालय से बिना सूचना फरार बताए जा रहे हैं। इनका भी प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र फर्जी निकला है।

डीईओ देवनारायण पंडित ने बताया कि निगरानी ब्यूरो ने फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी कर रहे दो शिक्षकों के खिलाफ केस दर्ज कराने सूचना दी है।

दोनों शिक्षक नियोजन समिति के शिक्षक हैं।

उनकी सेवा समाप्ति के लिए दोनों पंचायत नियोजन समिति को पत्र लिखा जा रहा है।

# पटना और राजगीर में जल्द शुरू होगी साइबर एफएसएल यूनिट

## डिजिटल साक्ष्य की जांच में मिलेगी मदद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** साइबर अपराध से जुड़े डिजिटल साक्ष्यों की जांच अब बिहार में ही हो सकेगी। इसके लिए पटना और राजगीर में साइबर एफएसएल (विधि विज्ञान प्रयोगशाला) यूनिट बनाई जा रही है।

नई एफएसएल के लिए वरीय वैज्ञानिक सहायक और सहायक निदेशक के पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उपकरणों की खरीद का काम अंतिम चरण में है। इस यूनिट को शुरू करने के लिए नेशनल फारेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी से करार भी किया गया है। अगले एक से डेढ़ माह में दोनों साइबर एफएसएल शुरू हो सकती है। इसके अलावा पूर्णिया में राज्य का पांचवां एफएसएल भी जल्द शुरू हो सकता है।

दरअसल, राज्य में अभी पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और राजगीर में क्षेत्रीय विधि-विज्ञान प्रयोगशाला है। पटना और राजगीर के क्षेत्रीय एफएसएल में ही डिजिटल साक्ष्यों की जांच के लिए विशेष साइबर एफएसएल यूनिट की शुरूआत की जानी है।

यह यूनिट शुरू होने से मोबाइल फोन, लैपटाप, हार्ड डिस्क, इंटरनेट मीडिया, ई-मेल आदि की जांच आसान हो जाएगी। इससे पुलिस और जांच एजेंसियों को तकनीकी मामलों में ठोस साक्ष्य जुटाने में मदद मिलेगी।

राज्य में ही साइबर डाटा का विश्लेषण, लैपटाप-मोबाइल आदि की गहनता से जांच, डिलीट किए गए डाटा की रिकवरी आदि की जा सकेगी। अगले चरण में मुजफ्फरपुर और भागलपुर में भी साइबर फारेंसिक यूनिट शुरू करने की योजना है।



पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के अनुसार, इस साल गयाजी, बेतिया, मुंगेर, सहरसा, पूर्णिया और छपरा में छह नई एफएसएल शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

इन नए एफएसएल के शुरू होने से जिलों में लंबित मामलों की जांच तेज होगी और रिपोर्ट आने में लगने वाला समय भी कम होगा। इन छह एफएसएल में उपकरण लगाने के लिए 163 करोड़ का प्रस्ताव गृह विभाग से स्वीकृत हो गया है।

# सांसद ने जरूरतमंद छात्रा को दी 50 हजार की आर्थिक सहायता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के शंकरपुर पंचायत अंतर्गत काजीडुमरा गांव में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। क्षेत्र की सांसद शांभवी चौधरी ने गांव निवासी दिनेश पासवान की बेटी की आगे की पढ़ाई के लिए अपने निधि से 50 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की।

जानकारी के अनुसार, आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण छात्रा की पढ़ाई आगे जारी रखने में परिवार को कठिनाई हो रही थी। इस बात की जानकारी मिलने पर सांसद श्रीमती चौधरी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई, ताकि छात्रा अपनी शिक्षा बिना किसी बाधा के जारी रख सके। इस अवसर पर एमएलसी तरून चौधरी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे बड़ा माध्यम है और जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में हर संभव सहयोग किया जाए।

## परिजन सहित लोगों ने जताया आभार

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह, रोसड़ा सांसद प्रतिनिधि अनीश राज, उपप्रमुख राजेश सिंह, सुंदरम सिंह वंशी, मुरारी चौधरी, अखिलेश गुप्ता, नवीन कुमार सिंह तथा मणिशंकर सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे स्थानीय लोगों ने सांसद के इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल से जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत मिलती है और बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन मिलता है। वहीं दिनेश पासवान और उनके परिवार ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग उनकी बेटी के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# देसी कट्टा के साथ पुलिस ने किया दो आरोपितों को गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** चाकंद थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों को हथियार, चोरी की मोटरसाइकिल और मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चाकंद थाना की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम देशिन बिगहा स्थित ॐ भट्ठा के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति हथियार के साथ मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो व्यक्तियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रवि कुमार उर्फ रवि मांझी, पिता सुरेश मांझी उर्फ हाथी मांझी तथा दीपू कुमार, पिता दीनानाथ चौधरी, दोनों निवासी बिथो शरीफ, थाना चाकंद, जिला गया के रूप में की गई है। तलाशी के दौरान पुलिस ने इनके पास से एक देशी कट्टा, एक चोरी की मोटरसाइकिल तथा दो मोबाइल फोन बरामद किया। पूछताछ में मोटरसाइकिल चोरी की होने की बात सामने आई है।



चाकंद थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि दोनों किसी अन्य आपराधिक घटना में शामिल तो नहीं हैं। इस संबंध में चाकंद थाना में कांड संख्या 47/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2), 317(2), 3(5) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-इ)ए, 26 और 35 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय में पेश करने के लिए भेज दिया है।

# घर बुलाकर सामूहिक दुष्कर्म

## बेहोशी की हालत में मिली युवती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले में घर से बुलाकर एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है।

घटना करनामेपुर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि, अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

घटना पांच मार्च की देर रात की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में करनामेपुर थाना क्षेत्र के सइयां के डेरा गांव निवासी उपेंद्र यादव उर्फ लल्लू यादव, विनोद यादव उर्फ मोटक यादव, नीतीश यादव और अवधेश यादव उर्फ लकडू व्यास शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार

## चार धराये, अन्य की तलाश जारी

आरोपित लल्लू यादव ने साजिश के तहत 19 वर्षीय पीड़िता को घटना की रात फोन कर गांव बुलाया था। वहां पहले से मौजूद अन्य आरोपितों के साथ मिलकर युवती को बंधक बना लिया गया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

सुबह स्वजन जब उसकी खोजबीन करते हुए खेत की ओर पहुंचे तो युवती बेहोशी की हालत में मिली। इसके बाद परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।


सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। सभी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। वहीं, अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम

## उपायुक्त सहित अन्य पदाधिकारी रहे शामिल, महिलाओं को दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला समाज कल्याण कार्यालय की ओर से आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति टाउन हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त समीरा एस. उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपायुक्त समीरा एस. ने जिले की सभी महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए महिला सशक्तिकरण तथा उनके सर्वांगीण उत्थान पर विशेष बल दिया। उन्होंने डायन कुप्रथा और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों से आगे आने का आह्वान किया।




उपायुक्त ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर महिलाएं महिला हेल्पलाइन के माध्यम से अथवा सीधे जिला प्रशासन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी या अनुमंडल पदाधिकारी से संपर्क कर सकती हैं। प्रशासनिक टीम उनकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है। साथ ही उन्होंने जेएसएलपीएस के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित किया।

उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है तथा महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आर्थिक गतिविधियों से जोड़ना आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा विभागीय योजनाओं से संबंधित जागरूकता स्टॉल लगाए गए। इसमें मुख्य रूप से पोषण से संबंधित पौष्टिक आहार एवं व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही गर्भावस्था से लेकर बच्चे के दो वर्ष तक के प्रथम 1000 दिनों के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। उपायुक्त एवं अन्य पदाधिकारियों ने स्टॉल का निरीक्षण कर संबंधित प्रदर्शनी की जानकारी ली।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, आंगनबाड़ी सेविका एवं बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही।

# वृद्धाओं को सम्मानित कर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लालमणी वृद्धा सेवा आश्रम एवं ओल्ड एज होम सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आश्रम में आश्रित महिला वृद्धजनों को आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी की पत्नी निसात परवींन, कार्यकारी अध्यक्ष बी सुधीर की पत्नी बी ज्योति, कोषाध्यक्ष ओमकार मिश्रा की पत्नी उमा मिश्रा,नीरजा राय, सुधा मिश्रा, काजल कुमारी शिवानी देवी ने समस्त महिला वृद्धजनों को केक काटकर खिलाया एवं सम्मानित किया। साथ ही समाजसेवी रामनाथ मिश्रा की पत्नी का जन्मदिन भी मनाया गया।सभी लोगों ने वृद्धजनों के संग भोजन का आनंद उठाया और उनका आशीर्वाद लिया। अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने कहा कि घर की संपन्नता, समाज का कल्याण और देश के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सम्मान कार्यक्रम में आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी, बी सुधीर, ओमकार मिश्रा, संस्कार ज्ञानपीठ के संस्थापक भुरूस कुमार राय, रामनाथ मिश्रा, डॉ मुकेश कुमार राय,मनीष कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# सूर्योपासना की तैयारी में जुटे लोग

## नहाय-खाय 22 को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** आस्था, साधना और सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ इस वर्ष 22 मार्च से शुरू होगा। चार दिनों तक चलने वाले इस पवित्र पर्व की शुरूआत नहाय-खाय के साथ होगी। पर्व को लेकर व्रतियों और श्रद्धालुओं के घरों में अभी से भक्तिमय माहौल बनने लगा है।

गांवों और शहरों में छठ पर्व की तैयारियां धीरे-धीरे तेज हो रही हैं। लोग पूजा सामग्री जुटाने में लग गए हैं और छठ घाटों की सफाई भी शुरू कर दी गई है।

छठ पर्व को सनातन परंपरा में अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण माना जाता है। यह पर्व भगवान सूर्य और चैती मइया की आराधना का प्रतीक है।

इस दौरान व्रती कठोर नियमों का पालन करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और खुशहाली की कामना करते हैं। छठ व्रत को सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। इस व्रत में व्रती लगभग 36 घंटे तक निर्जला उपवास रखते हैं। पूरे नियम और श्रद्धा के साथ व्रती पूजा-अर्चना करते हैं। इस दौरान शुद्धता और सात्विकता का विशेष ध्यान रखा जाता है। घरों में छठ गीत गूंजने लगते हैं और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो जाता है।



चार दिवसीय इस अनुष्ठान की शुरूआत 22 मार्च को नहाय-खाय के साथ होगी। इस दिन व्रती स्नान कर शुद्ध भोजन ग्रहण करते हैं और व्रत का संकल्प लेते हैं। यह दिन छठ पर्व की शुरूआत का प्रतीक होता है, जिसमें घरों की साफ-सफाई और पूजा की तैयारी की जाती है।

पर्व के दूसरे दिन 23 मार्च को खरना मनाया जाएगा। इस दिन व्रती दिनभर उपवास रखने के बाद शाम को गुड़ और चावल की खीर तथा रोटी का प्रसाद ग्रहण करते हैं।

खरना के बाद व्रती निर्जला व्रत की शुरूआत करते हैं, जो अगले दिन सूर्य को अर्घ्य देने तक जारी रहता है। तीसरे दिन 24 मार्च की शाम को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इस दौरान छठ घाटों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र होकर सूर्य देव की पूजा करेंगे।

## नीर नारी शक्ति दिवस का आयोजन

**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत नीर नारी शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जल संरक्षण और सुरक्षित पेयजल के महत्व पर विशेष रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान कार्यपालक अभियंता चास प्रमंडल राम प्रवेश राम ने जल महोत्सव पखवाड़ा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह पखवाड़ा 8 मार्च से 22 मार्च तक चलेगा। इस दौरान जिले में जल संरक्षण, जल प्रबंधन और स्वच्छ पेयजल के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि 22 मार्च को विश्व जल दिवस के अवसर पर इस पखवाड़ा का समापन समारोह किया जाएगा, जिसमें जल संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा और जागरूकता कार्यक्रम किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग चास/तेनुघाट के सभी सदस्य,यूनिसेफ समर्थित आईडीएफ टीम के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस पर हमला करने वाले तीन शराब तस्कर धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** जवही दीयर पिकेट पोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों से मारपीट करने और शराब तस्करी में संलिप्त दो आरोपितों को ब्रह्मपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से एक देशी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इस मामले में यह तीसरी गिरफ्तारी है।

एसपी शुभम आर्य के निर्देशन में एसडीपीओ पोलस्त कुमार द्वारा गठित पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर ब्रह्मपुर पश्चिम टोला से रहथुआं जाने वाली सड़क के पास छापेमारी कर दोनों आरोपितों को पकड़ा।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान भोजपुर जिले के शाहपुर थाना निवासी रवि कुमार पिता राजन साह और रानीसागर निवासी पप्पू कुमार पिता सुरेंद्र तुरहा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान रवि कुमार के कमर से देशी कट्टा और जेब से दो जिंदा कारतूस मिले, जबकि पप्पू कुमार के पास से तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए।

दोनों के पास से दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। पूछताछ में दोनों ने शराब तस्करी तथा पुलिसकर्मियों से मारपीट में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

बताया जाता है कि दो मार्च 2026 की दोपहर हवलदार रामप्यारे पासवान और सिपाही रौशन कुमार गश्त के दौरान पिकेट के पास स्थित एक दुकान से सामान खरीदकर लौट रहे थे। तभी तीन बाइकों पर सवार करीब आठ-नौ बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। शराब की खेप पकड़वाने की कार्रवाई से नाराज बदमाशों ने दोनों जवानों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में सिपाही रौशन कुमार के सिर पर गंभीर चोट लगी और वे लहूलुहान होकर गिर पड़े, जबकि हवलदार को भी चोटें आईं। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था।

घटना के अगले दिन हवलदार रामप्यारे पासवान के आवेदन पर ब्रह्मपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पहले आरोपित गोपाल कुंवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# महिला किसान बन रहीं हैं बिहार की कृषि शक्ति : राम कृपाल यादव

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला किसानों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज बेगूसराय में आयोजित कार्यक्रम में बिहार सरकार के कृषि मंत्री श्री राम कृपाल यादव ने महिला किसानों को सम्मानित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कृषि विभाग (आत्मा) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिले की विभिन्न प्रगतिशील महिला कृषकों को कृषि क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि बिहार की महिला किसान आज कृषि विकास की नई धुरी बनकर उभर रही हैं। वे खेती के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों, जैविक खेती, सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन एवं अन्य कृषि आधारित गतिविधियों के माध्यम से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है, वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार में महिलाओं को कृषि, स्वयं सहायता समूहों और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। राज्य सरकार कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मंत्री ने कहा कि माताओं और बहनों का परिश्रम, धैर्य और समर्पण ही बिहार की कृषि को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आज बिहार की महिला किसान नवाचार और परिश्रम के बल पर पूरे समाज के लिए प्रेरणा बन रही हैं। उन्होंने सम्मानित महिला किसानों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि महिला किसान जितनी मजबूत होंगी, उतनी ही मजबूत हमारी कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी।

# गोपी कृष्ण गोआश्रम में होली मिलन एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के गोपी कृष्ण गोआश्रम एवं मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में गोपी कृष्ण गोआश्रम परिसर में होली मिलन एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के करीब सौ से अधिक सदस्यों ने गोमाता को अबीर-गुलाल लगाकर चारा खिलाया और उनके प्रति अपनी श्रद्धा एवं सेवा भाव व्यक्त किया। मौके पर मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी की ओर से नेत्र जांच शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें सोसाइटी के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण कुमार ने स्थानीय लगभग 80 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान 14 मरीजों में बढ़े हुए मोतियाबिंद की पहचान हुई, जिनका निःशुल्क ऑपरेशन



मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा कराया जाएगा। गोपी कृष्ण गोआश्रम के संचालक गोपाल मोदी ने बताया कि इस गोआश्रम में बूढ़ी एवं बीमार गायों की सेवा और देखभाल की जाती है। वर्तमान में यहां 33 गोमाता रह रही हैं। उन्होंने बताया कि सर्दियों में गोमाता के लिए हीटर तथा गर्मियों में कूलर की व्यवस्था की गई है। गोमाता के स्नान की भी समुचित व्यवस्था है तथा ब्रह्ममुहूर्त से उनके लिए भजन-कीर्तन का प्रसारण किया जाता है। मच्छर और मक्खियों से बचाव के लिए पूरे गोआश्रम को महीन तार की जाली से घेरा गया है। गायों की देखभाल के लिए सेवकों की व्यवस्था है और पशु चिकित्सकों द्वारा समय-समय पर उनकी स्वास्थ्य जांच भी कराई जाती है। कार्यक्रम के दौरान कुछ श्रद्धालुओं द्वारा गोमाता के लिए तुला दान भी किया गया। अंत में आश्रम की ओर से सभी उपस्थित लोगों के लिए भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की गई। मौके पर एम.पी. जैन ने बताया कि कार्यक्रम में मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के सुनील अग्रवाल, फाउंडर अध्यक्ष महावीर अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष रमेश गुप्ता, अध्यक्ष राधेश्याम बंसल, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल, सचिव दिनेश अग्रवाल, संजय भलोटिया, बिनोद बंसल, अशोक अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, विष्णु सुरेका, पवन गोयल, अनिल गुप्ता, डॉ. गीता जैन, सीता बंसल, प्रेमलता गोयल, नीलम अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, सुनीता सर्राफ, माया बंसल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियों को किया गया सम्मानित

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'महिला सम्मान' कार्यक्रम आयोजित
- अपने सपनों, साहस और आत्मविश्वास से मातृशक्ति हर दिन नई संभावनाओं की दिशा तय करती है : संजय सरावगी
- एनडीए सरकार ने महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में कई कदम उठाए : विजय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र निर्माण में जुटी हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह कहा जा सकता है कि घर से लेकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में नारीशक्ति का योगदान सशक्त भारत की मजबूत नींव रख रहा है। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश कार्यालय, पटना स्थित अटल सभागार में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया तथा उपस्थित मातृशक्ति को संबोधित किया। इस अवसर पर अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बेटियों को



प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन नारी के अंदर विश्वास, खुशी और अपने सपनों को साकार करने का उत्सव मनाने का दिन है। बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि आज नारीशक्ति हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। उन्होंने कहा कि अपने सपनों, साहस और आत्मविश्वास से मातृशक्ति हर दिन नई संभावनाओं की दिशा तय करती है और लगातार आगे बढ़ रही है। महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण को समर्पित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि एनडीए सरकार ने महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। पंचायत और नगर निकाय चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण, सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण एनडीए सरकार की देन है। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिलाओं को मिले अधिकार के बल पर बिहार आज बदल रहा है। सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष और सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने उपस्थित नारीशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि आधी आबादी की सहभागिता की चिंता समाज को करना आवश्यक है। जब भी महिलाओं को मौका मिला, दुनियाभर में ही नहीं, इससे आगे भी परचम लहराने का काम किया। उन्होंने कहा कि आधी आबादी में समाज सृजन करने की शक्ति निहित होती है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अगर भविष्य गढ़ती हैं तो हर चुनौती को स्वीकार भी करती हैं। आज कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं जहां नारीशक्ति ने लोहा नहीं मनवाया। इस कार्यक्रम में अंशु और अंकिता, शालिनी सुमन, पूनम शर्मा, पिंकी यादव, अंजू मिश्रा, प्रीति सहित अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाली बिहार की कई बेटियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मंत्री रमा निषाद, श्रेयसी सिंह, पूर्व उपमुख्यमंत्री सह विधायक रेणु देवी, शोभा सिंह, सीता साहू, अनामिका भूषण, अनामिका पासवान, सजल झा,मीना झा, दिव्या झा, सरला रजक, सरोज जायसवाल, सीमा पांडेय, शशि वल्दियार सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई महिला जनप्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं, खिलाड़ियों, उद्यमियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# निशांत कुमार के जदयू की सदस्यता ग्रहण करने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष, मिठाइयां बांटकर जताया हर्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दानापुर।** जनता दल यूनाइटेड जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के रविवार को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर दानापुर में जदयू कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इस मौके पर जेडीयू पटना जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह के कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। संजय सिंह ने निशांत कुमार के पार्टी से जुड़ने का स्वागत करते हुए कहा कि उनके इस निर्णय से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्ज़ा आई है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की मांग थी कि निशांत कुमार सक्रिय रूप से पार्टी से जुड़ें और अब उनके सदस्य बनने से संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

## ई-रिक्शा पलटने से एक की मौत

**दानापुर।** रविवार की शाम प्लाई लदे ई रिक्शा पलटने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि ई रिक्शा चालक मामूली रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान बिचली गली गोला पर के रहने वाले प्रमोद सिंह के 30 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार के रूप में हुई है। वही मौके पर पहुंची पुलिस ई रिक्शा चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतक का छोटा भाई राहुल कुमार ने बताया कि घटना की स्पष्ट जानकारी मुझे नहीं है लेकिन मुझे पता चला है कि कुर्मियान गली गाभतल के रहने वाले ई रिक्शा चालक शत्रुघ्न कुमार अपने ई-रिक्शा में प्लाई लोड कर मिथिला कॉलोनी डिलीवर करने जा रहा था। रास्ते में उसका भाई संतोष मिला और वह ई-रिक्शा पर बैठ गया। थोड़ी दूर जाने पर असंतुलित होकर ई रिक्शा पलट गया और संतोष उसके नीचे दब गया। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वही चालक जख्मी हो गया। आसपास के लोगों ने 112 डायल कर पुलिस को बुलाया जो ई रिक्शा को जब्त करते हुए चालक को हिरासत में लेकर थाने ले आई। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई करने में जुट गई है।

## 13 को इफ्तार पार्टी

**दानापुर।** नगर स्थित इंतजामिया कमेटी के तरफ से 13 मार्च को तकीयापर भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन इंतजामिया कमेटी के सचिव मोलवी हसन उर्फ मक्खन की ओर से किया जा रहा है। इफ्तार पार्टी को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में रोजेदारों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। आयोजक मोलवी हसन ने बताया कि रमजान का महीना आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। इसी भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से हर वर्ष की तरह इस बार भी इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जा रहा है।

# सौम्य स्वभाव से जनता का भरोसा जीतेंगे निशांत : मंगल पांडेय

## जदयू की सदस्यता लेने पर मंगल पांडेय ने दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पांडेय ने निशांत कुमार के जदयू की सदस्यता ग्रहण करने पर उन्हें शुभकामनाएं दी और कहा कि निशांत कुमार का स्वभाव अत्यंत सरल और सौम्य है तथा उनके राजनीति में सक्रिय होने से जदयू कार्यकर्ताओं में सकारात्मक ऊर्ज़ा का संचार होगा। उन्होंने उम्मीद जताई है कि वे अपने व्यक्तित्व और पिता श्री नीतीश कुमार जी के मार्गदर्शन के बल पर जनता का विश्वास जीतेंगे तथा जनसेवा के क्षेत्र में नई पहचान बनाएंगे। श्री पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र में नई पीढ़ी की भागीदारी राजनीति को और मजबूत बनाती



है। उन्होंने विश्वास जताया है कि निशांत कुमार अपने शांत, संतुलित और विनम्र स्वभाव के साथ समाज और राज्य के विकास में रचनात्मक भूमिका निभाएंगे। साथ ही उन्होंने उनके राजनीतिक जीवन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जनसेवा के मार्ग पर उन्हें व्यापक सफलता मिले।

# रानीतालाब के गौतम त्रिपाठी एवं श्रेष्ठ राज बने भारतीय सेना के अधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिक्रम।** दुल्हिनबाजार प्रखंड सह रानीतालाब थाना के काब निवासी वीरेंद्र त्रिपाठी के पुत्र गौतम त्रिपाठी को सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर स्थानीय नागरिकों ने खुशी जाहिर की है। माता नीलम देवी ने बताया कि गौतम शुरू से ही डिफेंस में जाना चाहते थे। उनकी लगन और मेहनत का ही परिणाम है कि वे देश सेवा के लिए सेना में अधिकारी के पद को सुशोभित कर रहे हैं। उन्होंने चेन्नई के अफसर प्रशिक्षण अकादमी से प्रशिक्षण लिया है।वे भारतीय सेना के आर्मी सर्विस कोर ब्रांच में सेवाएं देंगे। उनकी सफलता पर उपेंद्र उपाध्याय, सुरेंद्र त्रिपाठी, सत्येंद्र त्रिपाठी, सोनू, राजा, रौशन, राहुल ने बधाई दी है। वहीं बिक्रम प्रखंड अंतर्गत सैदाबाद गांव के रामकुमार सिंह के पुत्र श्रेष्ठ राज एवं रानीतालाब थाना क्षेत्र के क़ाब गांव निवासी वीरेंद्र त्रिपाठी के पुत्र गौतम त्रिपाठी ने भारतीय सेना में अधिकारी बनकर अपने गांव और क्षेत्र का नाम रौशन किया है। श्रेष्ठ राज गया स्थित ऑफिसर ट्रेनिंग सेंटर में सफलतापूर्वक अपना प्रशिक्षण पूरा किया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद आयोजित पासिंग आउट समारोह में उन्हें बैच और अधिकारी की टोपी प्रदान की गई तथा भारतीय सेना के अधिकारी के रूप में शपथ दिलाई गई। उनकी इस सफलता से परिवार, गांव और पूरे इलाके में खुशी और गर्व का माहौल है। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उनकी पहली पोस्टिंग जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में राष्ट्रीय राइफल्स सिग्नल कोर के साथ की गई है। यह क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है।

# महिलाओं के सशक्तिकरण का लिया गया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जंदाहा (वैशाली)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा परिसर में महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के निदेशक-सह-संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने किया। कार्यक्रम में संस्थान की महिला कर्मचारियों एवं छात्राओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ की गई। दीप प्रज्ज्वलन संस्थान प्रमुख डॉ. आनंद रंजन झा तथा केंद्र की महिला कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके बाद महिला दिवस के महत्व पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर संस्थान में



कार्यरत महिला कर्मचारियों – निधि कुमारी, मनीषा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अनिषा कुमारी एवं अंशु कुमारी को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही कई छात्राओं को प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपलक्ष्य में प्रमाण-पत्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान द्वारा छात्राओं से रोजगार के लिए बायोडाटा भी प्राप्त किए गए। संस्थान के निदेशक ने बताया कि योग्य अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आगामी बैच में नामांकन कराने वाली कई महिला छात्राओं को पुस्तकें भी प्रदान की गईं। अपने संबोधन में डॉ. आनंद रंजन झा ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि आज के समय में शिक्षा और तकनीकी ज्ञान महिलाओं के लिए सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई तथा जिला प्रशासन की अधिकारी जिला अधिकारी वर्षा सिंह जैसे प्रेरणादायी उदाहरणों का उल्लेख करते हुए छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधि विवेकानंद जी ने भी महिला सशक्तिकरण पर प्रभावशाली संदेश दिया, जिससे उपस्थित छात्राएं और प्रतिभागी काफी प्रेरित हुए। कार्यक्रम के दौरान बीच-बीच में गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। संस्थान के निदेशक ने कहा कि कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी हमेशा से महिलाओं के उत्थान और उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि महिलाओं को उचित अवसर और सहयोग मिले तो वे हर क्षेत्र में देश और समाज का नाम रोशन कर सकती हैं।

# संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूरे प्रदेश में चल रहे संगठन सृजन कार्यक्रम को लेकर आज प्रदेश कंांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में जिला पर्यवेक्षकों एवं बीपीसीसी कनेक्ट सदस्यों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश कंाग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी जिला पर्यवेक्षकों से संगठन सृजन कार्यक्रम की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि कंाग्रेस पार्टी का संगठन जितना मजबूत होगा, उतनी ही प्रभावी ढंग से आम जनता की समस्याओं को उठाया जा सकेगा। राजेश राम ने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना और समर्पित कार्यकर्ताओं को संगठन में उचित जिम्मेदारी देना है। उन्होंने सभी पर्यवेक्षकों से कहा कि वे निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ अपने-अपने जिलों में संगठन के कार्यों को



आगे बढ़ाएं। बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही पर्यवेक्षकों को यह निर्देश दिया गया कि वे जिलों में सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य करें। बीपीसीसी कनेक्ट सदस्यों में मिन्नत रहमानी, राजीव मेहता, पंकज यादव, ई कमल कमलेश एवं विमलेश तिवारी मौजूद थे। बैठक में प्रदेश कंाग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के अलावे अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव, पूर्व विधायक प्रतिमा कुमारी दास, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, मिन्नत रहमानी, पंकज यादव, राजीव मेहता, सौरभ सिन्हा, रीता सिंह, कमल कमलेश, कमलदेव नारायण शुक्ला, डा0 संजय कुमार, अरविन्द लाल रजक, गुंजन पटेल, मनोज शर्मा, मंजीत आनन्द साहू, विमलेश तिवारी, मृणाल अनामय, राजेन्द्र चौधरी, किशोर कुमार, राम शंकर कुमार पान, सुनील कुमार, मुन्द्रिका सिंह यादव, दौलत इमाम,मिथिलेश कुमार निषाद, लालू सदा, राकेश कुमार मुन्ना, डा0 खालिद अमीन, नदीम अख्तर अंसारी, गुड्डु पासवान, कुमार दिवाकर सिंह, अखिलेश दयाल, डा0 गौरव वर्मा, कुणाल किशोर सहनी, अरूण कुमार बिन्द, विजय प्रताप सिंह, विश्वनाथ यादव, अभिजीत सिंह, कमलेश कुमार सिंह, प्रकाश चन्द्र झा, विशाल मलहोत्रा, राजेश रंजन पप्पू, मंजय लाल राय, राजीव मिश्रा, सत्येन्द्र नारायण सहित सभी जिला पर्यवेक्षक मौजूद थे।

# स्वच्छता और जल प्रबंधन में बिहार अव्वल, एसडीजी सूचकांक में 98 अंक के साथ देश में तीसरा स्थान

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एसडीजी सूचकांक पर चर्चा, निर्णय-निर्माण और नेतृत्व में महिला भागीदारी बढ़ाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नागरिकों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने और स्वच्छता के मामले में बिहार 98 अंकों के साथ देश के शीर्ष राज्यों में तीसरे स्थान पर है। यह रैंकिंग सतत विकास लक्ष्य-6 (एसडीजी-6) के तहत नीति आयोग की ओर से वर्ष 2023-24 के लिए दी गई है। इसी के साथ बिहार ने अपने समग्र एसडीजी स्कोर को 2018-19 में 48 से बढ़ाकर 2023-24 में 57 कर लिया है। इस उपलब्धि के बाद राज्य उम्मीदवारी से प्रदर्शक की श्रेणी में पहुंच चुका है। ये बातें रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर बतौर मुख्य अतिथि योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने कही। उन्होंने कहा कि संसाधनों की सीमित उपलब्धता के बावजूद एसडीजी सूचकांकों पर राज्य ने तीव्र गति से प्रगति की है। यह सफलता बिहार में योजनाओं के सतत क्रियान्वयन और जेंडर संबंधी संतुलन की दिशा



में सरकार के महत्वपूर्ण प्रयास से मिली है।

पटना स्थित एलएन मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के सभागार में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने जेंडर-संबंधी सूचकांकों, विशेष रूप से एसडीजी-5 (लैंगिक समानता) एवं संबंधित अन्य लक्ष्यों गरीबी-उन्मूलन, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के सूचकांकों की स्थिति का आकलन करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के साथ निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में उनके नेतृत्व और भागीदारी को सुदृढ़ करने के लिए साक्ष्य-आधारित रणनीति बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

यूनिसेफ एक्सपर्ट मनोज नारायण ने पावरपॉइंट प्रजेंटेशन (पीपीटी) के सहारे एसडीजी सूचकांकों से उपस्थित अतिथि और महिलाओं को रूबरू कराया। उन्होंने बताया कि बिहार ने 2018-19 से 2023-24 के बीच एसडीजी-5 (लैंगिक समानता) में अपने स्कोर में 20 अंकों की वृद्धि की है। यह प्रगति राज्य सरकार की कई नीतिगत पहलों के परिणामस्वरूप संभव हुई है। मुख्य रूप से ग्रामीण एवं शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 50 और सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने के साथ मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना, 'सात निश्चय' पहल और जीविका जैसे कार्यक्रम प्रमुख रूप से शामिल हैं।

### संवेदनशील समाज बनाने का संकल्प

कार्यशाला में महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए चल रही नीतियों- कार्यक्रमों को मजबूत करने से संबंधित कई सुझाव सामने आए। प्रतिभागियों ने बिहार में अधिक समावेशी, असमानता विहीन और जेंडर के प्रति संवेदनशील समाज बनाने के लिए मिलकर काम करने के अपने संकल्प को दोहराया। थ ही लिंग आधारित हिंसा, आर्थिक अवसरों की असमान पहुंच, महिलाओं के अवैतनिक केयर कार्यों की असमानता जैसी चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला गया। चर्चा में अंतर विभागीय समन्वय, जेंडर-बजट, जेंडर-सेंसिटिव योजना-निर्माण और डाटा-आधारित नीतिगत हस्तक्षेप के महत्व पर बल दिया गया, ताकि राज्य में लैंगिक समानता से संबंधित किए गए पहल को और मजबूत किया जा सके।

# रामनवमी शोभायात्रा को लेकर समिति ने की बैठक

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय त्रिभुवन पुस्तकालय प्रांगण में रामनवमी शोभायात्रा समिति की बैठक नगर पंचायत के पूर्व मुख्य पार्षद सुनील कुमार की अध्यक्षता में की गई। बैठक में रामनवमी के दिन निकाले जाने वाले शोभायात्रा को सुचारू रूप से संपन्न कराए जाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में रामनवमी के दौरान किये जा रहे तैयारियों के बारे में लोगों को अवगत कराया गया और इसमें सहयोग करने की बात कही गई। बैठक में रामनवमी पूजा से संबंधित कई अन्य जानकारियां भी दी गईं। मौके पर समिति अध्यक्ष नवनील कुमार, पूर्व सरपंच सुधीर कुमार, प्रखंड प्रमुख रामईश्वर पासवान, जनेश्वर सिंह, ताराकांत तिवारी, पवन कुमार, गुंजन कुमार, अभिजीत कुमार, बबलू गुप्ता, मनीष कुमार, चाहत कुमार, आर्यन कुमार, वेंकटेश, मनीष, उज्ज्वल सहित कई लोग उपस्थित रहे साथ ही साथ पुलिस प्रशासन के साथ कई अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# संपादकीय

## ईरान-इजरायल युद्ध के बीच खाने का संकट हो सकता है पैदा

ईरान-इजरायल युद्ध के चलते पश्चिम एशिया के हालात की वजह से तेल और गैस आपूर्ति पर असर पड़ रहा है। इसका नतीजा मार्केट पर दिखने लगा है। लेकिन, इसके बीच एक और संकट गहरा रहा है - उर्वरक आपूर्ति में कमी। अगर यह बाधा लंबे समय तक जारी रहती है तो दुनिया को खाद्य असुरक्षा और महंगाई का सामना करना पड़ सकता है। होर्मुज इफेक्ट- पश्चिम एशिया दुनिया का एक बड़ा उर्वरक उत्पादक क्षेत्र है। वैश्विक यूरिया निर्यात का लगभग 35 प्रतिशत होर्मुज स्ट्रेट से होकर गुजरता है। इसी रास्ते से दुनिया का 45 प्रतिशत सल्फर भी ट्रांसपोर्ट होता है। यूरिया सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला फर्टिलाइजर है, जिसकी वजह से दुनिया का करीब आधा अनाज पैदा होता है। होर्मुज पर ईरान की पहरेदारी के चलते शिपमेंट का आना-जाना बंद है और हर बीतते दिन के साथ सप्लाई चेन टूट रही है। स्थिति ज्यादा गंभीर- करीब 4 साल पहले, जब यूक्रेन और रूस युद्ध शुरू हुआ था, तब भी इसी तरह की सिचुएशन बनी थी। उस वक्त दो बड़े झटके लगे थे - गेहूं की आपूर्ति में कमी और फर्टिलाइजर्स की कीमतों में तेज उछाल। यूक्रेन और रूस मिलकर गेहूं का करीब 30त्न ग्लोबल एक्सपोर्ट करते हैं, जिस पर उस समय एकदम से रोक लग गई थी। हालांकि तब जल्द ही रूस से दोनों चीजों का निर्यात जारी रहा। वहीं, भारत जैसे देशों ने गेहूं निर्यात बढ़ा दिया। लेकिन, इस बार सीधे समुद्री मार्ग बाधित होने से स्थिति दूसरी है। प्रॉडक्शन रोका- ईरान ने जिस तरह से दूसरे अरब देशों में मौजूद फैसिलिटीज को निशाना बनाया है, उससे भी असर पड़ा है। समुद्र के रास्ते होने वाले यूरिया के कुल व्यापार में कतारएनर्जी की हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत है। इसके एक कॉम्प्लेक्स पर दो दिन पहले ड्रोन अटैक हुआ था, जिसके बाद कंपनी ने सल्फर, अमोनिया और यूरिया का प्रॉडक्शन रोक दिया है। ईरान और सऊदी अरब की सप्लाई भी प्रभावित हुई है।गैस में कमी। फर्टिलाइजर मार्केट शुरू से बेहद संवेदनशील रहा है। चीन जैसे मुल्क अपनी जरूरत को देखते हुए ग्लोबल सप्लाई को प्रभावित करते हैं। नैचुरल गैस भी बड़ा फैक्टर है, जिसकी जरूरत फर्टिलाइजर प्रॉडक्शन में पड़ती है और जिसमें कमी आई है।फसल पर असर- भारत ने पिछले साल अप्रैल से नवंबर के बीच रेकॉर्ड 70 लाख टन यूरिया आयात किया था। देश अपनी जरूरत का करीब 40 प्रतिशत फर्टिलाइजर पश्चिम एशिया से मंगाता है, यानी उसके लिए स्थिति ज्यादा गंभीर है। अगर किसानों को समय से उर्वरक नहीं मिले, तो असर पहली फसल के साथ ही नजर आने लगेगा। विशेषज्ञों का अनुमान है कि उत्पादन 50 प्रतिशत तक कम हो सकता है।

**हम आपको बता दें कि ईरान का युद्धपोत डेना बुधवार को उस समय डूब गया जब अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा दागा गया जल गोला उससे टकरा गया। यह घटना श्रीलंका के खोज और बचाव क्षेत्र के भीतर अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में हुई। हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर नई चिंता उभर कर सामने आई है क्योंकि अमेरिकी पनडुब्बी ने श्रीलंका के निकट अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में एक ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया। इस घटना ने न केवल श्रीलंका बल्कि पूरे दक्षिण एशिया और विशेष रूप से भारत की सामरिक स्थिति पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं।**

## युद्ध देखते देखते भारत के दरवाजे तक पहुँच गया, दक्षिण एशियाई देशों की चिंता बढ़ी

(नीरज कुमार दुबे)

विशेषज्ञों का मानना है कि यह घटना इस बात का संकेत है कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहा संघर्ष अब फारस की खाड़ी से निकल कर हिंद महासागर तक पहुंच गया है, जिसके दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं। इस मुद्दे को लेकर राजनीति भी शुरू हो गयी है जहां श्रीलंका के सांसद इस मुद्दे पर अपनी सरकार से सवाल पूछ रहे हैं वहीं भारत में लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधा सवाल पूछा है।

हम आपको बता दें कि ईरान का युद्धपोत डेना बुधवार को उस समय डूब गया जब अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा दागा गया जल गोला उससे टकरा गया। यह घटना श्रीलंका के खोज और बचाव क्षेत्र के भीतर अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में हुई। श्रीलंका की नौसेना को युद्धपोत से संकट संदेश प्राप्त हुआ जिसके बाद बचाव अभियान चलाया गया। श्रीलंकाई नौसेना ने अब तक 87 शव बरामद किए हैं और 32 नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। कई अन्य नाविक अभी भी लापता बताए जा रहे हैं और उनकी खोज के लिए अभियान जारी है।

हम आपको बता दें कि यह घटना श्रीलंका के प्रमुख बंदरगाह नगर गाले से लगभग चालीस किलोमीटर दक्षिण में हुई। यह स्थान फारस की खाड़ी से काफी दूर है, जहां ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष चल रहा है। इसलिए इस घटना ने यह संकेत दिया है कि समुद्री संघर्ष का दायरा तेजी से फैल रहा है।

वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक संदेश के माध्यम से कहा है कि दुनिया इस समय अत्यंत अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुकी है और आने वाले समय में हालात और कठिन हो सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि ईरान का युद्धपोत हिंद महासागर में डूबने की घटना यह दर्शाती है कि यह संघर्ष अब भारत के आसपास के समुद्री क्षेत्र तक पहुंच गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसे कठिन समय में देश को मजबूत और संतुलित नेतृत्व की आवश्यकता होती है, लेकिन सरकार की ओर से स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि भारत की सामरिक स्वायत्तता को बनाए रखना इस समय अत्यंत आवश्यक है।

दूसरी ओर, श्रीलंका के सांसद नामल राजपक्षे ने इस घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा है कि यह केवल श्रीलंका की ही नहीं बल्कि पूरे हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। उनका कहना



है कि युद्ध भले ही हजारों किलोमीटर दूर चल रहा हो, लेकिन उसके प्रभाव अब हिंद महासागर में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि श्रीलंका के तट से लगभग चालीस किलोमीटर दूर इस प्रकार की सैन्य गतिविधि यह दर्शाती है कि वैश्विक शक्तियों का संघर्ष अब इस समुद्री क्षेत्र तक फैल रहा है।

श्रीलंकाई सांसद नामल राजपक्षे ने श्रीलंका की सरकार से यह भी सवाल किया है कि क्या उसे इस सैन्य कार्रवाई की पहले से जानकारी थी? उनका कहना है कि सरकार को देश की जनता और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह इस हमले से पहले अवगत थी या नहीं? उन्होंने कहा कि यदि सरकार को पहले से जानकारी थी तो उसे यह बताना चाहिए कि ऐसी गतिविधि को लेकर कौन से कदम उठाए गए? उन्होंने यह भी कहा कि यदि श्रीलंका को इस प्रकार की सैन्य गतिविधि की सूचना नहीं दी गई थी तो यह और भी गंभीर विषय है, क्योंकि इससे छोटे देशों की समुद्री संप्रभुता और सुरक्षा पर प्रश्न खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी बड़े देश की सैन्य कार्रवाई श्रीलंका के आसपास के जल क्षेत्र में होती है तो इस पर खुली चर्चा और पारदर्शिता आवश्यक है। राजपक्षे ने दक्षिण एशियाई देशों के बीच व्यापक संवाद की भी आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे देशों को मिलकर हिंद महासागर की सुरक्षा पर गंभीर चर्चा करनी चाहिए। उनका कहना है कि अंतरराष्ट्रीय कानून और प्रत्येक देश की संप्रभुता का सम्मान किया जाना चाहिए। यदि बड़े देशों के बीच संघर्ष छोटे देशों के आसपास के समुद्री क्षेत्रों में फैलता है तो इससे पूरे क्षेत्र की स्थिरता प्रभावित हो सकती है। दूसरी ओर अमरीकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इस हमले की पुष्टि करते हुए कहा है कि अमेरिकी पनडुब्बी ने अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में मौजूद एक ईरानी युद्धपोत को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई ईरान की सैन्य क्षमता को कमजोर करने के व्यापक अभियान का हिस्सा है। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि ईरान की नौसैनिक शक्ति को सीमित करना उसकी रणनीति का महत्वपूर्ण भाग है। देखा जाये तो हिंद महासागर में इस प्रकार की सैन्य कार्रवाई के कई महत्वपूर्ण सामरिक निहितार्थ हैं क्योंकि यह क्षेत्र विश्व के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है। एशिया, अफ्रीका और पश्चिम एशिया के बीच होने वाला विशाल व्यापार इसी समुद्री मार्ग से गुजरता है। यदि यहां सैन्य तनाव बढ़ता है तो वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही भारत के लिए यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। हिंद महासागर भारत की समुद्री सुरक्षा और आर्थिक हितों का मुख्य क्षेत्र है। यदि बाहरी शक्तियों का संघर्ष इस क्षेत्र में बढ़ता है तो भारत को अपनी नौसैनिक उपस्थिति और सामरिक सतर्कता बढ़ानी पड़ सकती है। इसके अलावा, छोटे तटीय देशों जैसे श्रीलंका, मालदीव और बांग्लादेश के लिए यह चुनौतीपूर्ण स्थिति है। ये देश बड़ी शक्तियों के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश करते हैं, लेकिन यदि सैन्य टकराव उनके आसपास होने लगे तो उनकी सुरक्षा और कूटनीतिक स्थिति कठिन हो सकती है। साथ ही इस घटना से यह भी संकेत मिलता है कि भविष्य के युद्ध केवल सीमित क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि समुद्र के विशाल क्षेत्रों में फैल सकते हैं। इससे हिंद महासागर आने वाले समय में वैश्विक शक्ति संतुलन का महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। बहरहाल, श्रीलंका के निकट हुई यह घटना इस बात का संकेत है कि पश्चिम एशिया का संघर्ष अब व्यापक समुद्री क्षेत्र तक फैल सकता है। ऐसे में दक्षिण एशियाई देशों के लिए आवश्यक है कि वह मिलकर क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करें और संभावित संकटों के लिए तैयार रहें।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## ममता की जिद के कारण अंधियारे की तरफ पश्चिम बंगाल

(योगेंद्र योगी)

ममता सरकार की जिद से केंद्र सरकार से मिलने वाले 10 हजार करोड़ रुपए डूब गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने पर यह राशि केंद्र सरकार से मिलने थी। ममता बनर्जी सरकार ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू नहीं की। ममता सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अहंकार का मुद्दा बना लिया है।

बंगाल में 19वीं सदी के दौरान शिक्षा के केंद्र के रूप में बंगाली पुनर्जागरण ने साहित्यिक और बौद्धिक चेतना का विकास किया, जिससे पश्चिमी शिक्षा का आगमन हुआ। पश्चिम बंगाल ऐतिहासिक रूप से भारत का एक प्रमुख शैक्षणिक और बौद्धिक केंद्र रहा है, जो बंगाली पुनर्जागरण से लेकर आधुनिक काल तक ज्ञान का गढ़ बना रहा है। कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) ने आधुनिक शिक्षा प्रणाली की शुरुआत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें 1857 में स्थापित कलकत्ता विश्वविद्यालय, विश्व-भारती, और आईआईटी खड़गपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं। ऐतिहासिक दौर में शिक्षा की कीर्ति पताका फहराने वाले पश्चिम बंगाल की आज हालत यह हो गई है कि 4 हजार स्कूल राम भरोसे हैं। पश्चिम बंगाल की शिक्षा व्यवस्था वेंटिलेटर पर है।

ममता सरकार की जिद से केंद्र सरकार से मिलने वाले 10 हजार करोड़ रुपए डूब गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने पर यह राशि केंद्र सरकार से मिलने थी। ममता बनर्जी सरकार ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू नहीं की। ममता सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अहंकार का मुद्दा बना लिया है। केंद्र सरकार के बार-बार अनुरोध करने के बावजूद बंगाल सरकार ने शिक्षा नीति लागू नहीं की नतीजा यह हुआ कि समग्र शिक्षा मिशन के तहत मिलने वाली 10,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय निधि राज्य को नहीं मिल पाई। पूरे देश में जितने भी स्कूल बिना शिक्षकों के चल रहे हैं, उनमें से 50त्न अकेले पश्चिम बंगाल में हैं। अर्थात बाकी पूरा देश एक तरफ और ममता का बंगाल एक तरफ।

कैसा खिलवाड़ हो रहा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति मातृभाषा (बंगाली) में पढ़ाई की बात करती है, लेकिन ममता सरकार इसे लागू नहीं करना चाहती। क्या राज्य सरकार बंगाली में शिक्षा की अनुमति नहीं देना चाहती? केंद्रीय मंत्री ने साफ कर दिया कि अगर 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा सत्ता में आती है, तो शिक्षा क्षेत्र उनका 'प्राइम फोकस' होगा। उन्होंने बंगाल की जनता को संदेश दिया कि वर्तमान सरकार ने शिक्षा को बर्बाद कर दिया है और अब बदलाव ही एकमात्र रास्ता है।

इतना ही नहीं पश्चिम बंगाल सरकार ने जादवपुर विश्वविद्यालय के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अतिरिक्त निधि को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। जहां पूरा देश डिजिटल हो रहा है, वहां बंगाल के स्कूल पाषाण युग में जी रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर स्कूलों में इंटरनेट की पहुंच 70 प्रतिशत है, लेकिन पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में यह आंकड़ा गिरकर महज 16 प्रतिशत रह गया है। जून 2025 में, केंद्र सरकार ने मध्याह्न भोजन योजनाओं का लाभ उठाने वाले छात्रों की संख्या में आई तीव्र गिरावट पर चिंता व्यक्त की। केंद्र सरकार के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने भी इस मामले में पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी थी, जिसमें इसे राज्य में स्कूल छोड़ने वालों की संख्या में वृद्धि का मुख्य कारण बताया गया था। देश में कर्ज के बोझ तले दबे सबसे बड़े राज्यों में पश्चिम बंगाल टॉप पर है। बंगाल को अपने राजस्व का 42 फीसदी हिस्सा सिर्फ ब्याज के भुगतान में खर्च करना पड़ा है। वित्त वर्ष 2025 में पश्चिम बंगाल पर ब्याज भुगतान का बोझ अन्य राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा था। राज्य को टैक्स और नॉन टैक्स रेवेन्यू से 1.09 लाख करोड़ रुपए मिले थे, लेकिन सिर्फ ब्याज भुगतान पर 45 हजार करोड़ से अधिक खर्च किए गए। इसका मतलब हुआ कि उसके राजस्व का 42 फीसदी हिस्सा तो ब्याज चुकाने में ही चला गया। पश्चिम बंगाल की आर्थिक सेहत खराब होने के साथ जिद के चलते शिक्षा की व्यवस्था भी लड़खड़ा रही है। हो सकता है विधानसभा चुनाव ममता की तृणमूल कांग्रेस जीत जाए किन्तु ममता बनर्जी की जिद के कारण इससे विकास की गति को रफ्तार नहीं मिल सकेगी।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## सरस्वती सिंधु सभ्यता- भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है राखीगढ़ी का पुरास्थल

(शुभम केवलिया)

**राखीगढ़ी की महत्वता इस वैज्ञानिक तथ्य में भी निहित है कि यहां मौजूद सरस्वती सिंधु सभ्यता के कंकालों के डीएनए अध्ययन से यह ज्ञात हुआ है कि इन कंकालों में कोई मध्य एशियाई जीन मौजूद नहीं था। इस प्रकार जिन विद्वानों का यह मत था कि संभवतः सरस्वती सिंधु सभ्यता के लोग बाहरी थे इस पर पूर्ण विराम लग गया है तथा यह सभ्यता पूर्णतः स्वदेशी सभ्यता थी। भारत के प्राचीन इतिहास के प्रति वर्तमान सरकार का झुकाव कोई अचंभित करने वाला विषय नहीं है। इसी कड़ी में आगामी वित्त वर्ष का बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री महोदया ने 15 पुरातात्विक स्थलों को उत्खनित व विकसित करने हेतु विशेष राशि आवंटित की है।**

इन पुरास्थलों में राखीगढ़ी, लोथल, धोलावीरा, आदिचिन्नलूर आदि प्रमुख हैं।

इन सभी पुरास्थलों में से एक राखीगढ़ी के लिए विशेष तौर पर 500 करोड़ की राशि आवंटित की गई है । राखीगढ़ी की ऐसी क्या महत्वता है जो सरकार का झुकाव इस ओर अधिक है । राखीगढ़ी हरियाणा के हांसी जिले में अवस्थित है। भारत की प्राचीनतम सरस्वती सिंधु सभ्यता का यह पुरास्थल ऋग्वेद में वर्णित दृष्दवति नदी के किनारे पर स्थित था। इस पुरास्थल की 1997 से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा समय समय पर खुदाई की गई है।

सरस्वती सिंधु सभ्यता का सबसे बड़ा नगर हाल ही में हुए सघन पुरातात्विक सर्वेक्षण से यह ज्ञात हुआ है की राखीगढ़ी नगर का कुल क्षेत्रफल 350 हेक्टेयर से अधिक था। यह विस्तार राखीगढ़ी को सरस्वती सिंधु सभ्यता का सबसे बड़ा नगर होना सिद्ध करता है। यहां यह बात भी उल्लेखनीय है कि राखीगढ़ी से कुछ दूरी पर ही सरस्वती नदी व दृष्दवति नदी ता संगम अवस्थित था। यही कारण है की सभ्यता का सबसे बड़ा नगर यहां स्थित था ।

राखीगढ़ी का पुरास्थल कुल 11 टीलों में विभाजित है। यहां हुए पुरातात्विक उत्खननों के फलस्वरूप सरस्वती सिंधु सभ्यता के प्रारंभिक व विकसित काल के पुरावशेष प्रकाश में आए हैं। यहां से प्राप्त वैज्ञानिक तिथियों के अनुसार वर्तमान समय ले 8000 वर्ष पूर्व से लेकर 4000 वर्ष पूर्व तक यहां मानव बसाहट विद्यमान थी । सरस्वती सिंधु सभ्यता के परवर्ती काल के पुरावशेष हमें राखीगढ़ी से प्राप्त नहीं होते ।

राखीगढ़ी से मिलने वाले पुरावशेष भारतीय इतिहास में रचे गए आर्य आगमन के कुचक्र को धराशायी करने में सहायक सिद्ध होते हैं। यहां हुए पुरातात्विक उत्खनन में उत्खननकर्ता डॉ अमरेन्द्र नाथ को विभिन्न आकार कि यज्ञवेदियां प्राप्त हुईं थी। यह यज्ञोवेदियां योनी व चित्ती आकार कि हैं जो सरस्वती सिंधु सभ्यता के विकसित काल के दौरान की हैं । यह इस बात की द्योतक हैं कि राखीगढ़ी में रहने वाले लोग वर्तमान समय से 4500 वर्ष पूर्व वैदिक



परंपराओं का अनुसरण करते थे।

यहां इस तथ्य का उल्लेख भी आवश्यक है कि ऋग्वेद में दृष्दवती नदी के किनारे रहने व यज्ञ संपादित करने की उल्लेख आता है । इस प्रकार राखीगढ़ी के उपरोक्त पुरातात्विक साक्ष्य ऋग्वेद के विवरणों से साम्यता रखते हैं । इस आधार पर वैदिक जनों का 1500 ईसा पूर्व बाहर से आने के मत पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं ।

राखीगढ़ी की महत्वता इस वैज्ञानिक तथ्य में भी निहित है कि यहां मौजूद सरस्वती सिंधु सभ्यता के कंकालों के डीएनए अध्ययन से यह ज्ञात हुआ है कि इन कंकालों में कोई मध्य एशियाई जीन मौजूद नहीं था । इस प्रकार जिन विद्वानों का यह मत था कि संभवतः सरस्वती सिंधु सभ्यता के लोग बाहरी थे इस पर पूर्ण विराम लग गया है तथा यह सभ्यता पूर्णतः स्वदेशी सभ्यता थी ।

आर्य आगमन के मिथक को सिद्ध करने के लिए सरस्वती सिंधु सभ्यता में घोड़े की अनुपस्थिति का मुद्दा उठाया जाता है। परन्तु राखीगढ़ी में हुए पुरातात्विक उत्खनन से घोड़े की मृण्मूर्ति प्रकाश में आई है। उत्खननकर्ता डॉ अमरेन्द्र नाथ ने अपने शोध पत्र में इस विषय का उल्लेख किया है । यह इस बात की द्योतक है कि इस सभ्यता में घोड़ा पहले से ही विद्यमान था ।

राखीगढ़ी उत्खनन राखीगढ़ी उत्खनन से विभिन्न अर्ध कीमती पत्थर जैसे कार्नेलियन, अगेट, जैस्पर, लाजवर्द आदि के मनके प्राप्त होते हैं । यह पत्थर गुजरात व अफगानिस्तान से यहां लाए जाते थे। यह पुरावशेष इस बात को प्रमाणित करते हैं की यहां रहने वाले लोग दूरस्थ इलाकों तक व्यापार करते रहे होंगे।

राखीगढ़ी में इन अर्ध कीमती पत्थरों का उपयोग कर मनके व आभूषण भी बनाए जाते थे । यहां ये तांबे की छेनियां भी प्राप्त हुई हैं, गौरतलब है कि तांबे की खदाने राखीगढ़ी के आसपास विद्यमान नहीं हैं। वर्ष 2023-24 में डॉ संजय मंजुल के नेतृत्व में हुए पुरातात्विक उत्खनन में राखीगढ़ी में एक स्टेडियम के होने के साक्ष्य भी प्राप्त हुए हैं । सरस्वती सिंधु सभ्यता में इसके पूर्व केवल गुजरात स्थित धोलावीरा से ही स्टेडियम के प्रमाण मिले हैं ।

जहां तक विषय है कि राखीगढ़ी वर्तमान समय से 4000 वर्ष पूर्व वीरान क्यों हो गया तो उसका उत्तर दृष्दवती नदी के सूखने व वर्षा में होने वाली कमी मे निहित है। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया व के.एस. वल्दिया जैसे वैज्ञानिकों की रिपोर्ट्स में इन प्राकृतिक बदलावों का पर्याप्त उल्लेख विद्यमान है ।

वर्तमान समय में भी राखीगढ़ी में उत्खनन जारी है। यह उत्खनन टीला क्रमांक1,2 व 3 पर किया जा रहा है, यह उत्खनन अगले 3 वर्षो तक होना है । टीला संख्या 3 में पूर्व उत्खनित स्थल को शेड लगा आम जनता के लिए खोला गया है। सरकार का भी यही विचार है की आगामी समय में यहां के सभी उत्खनित टीलों को शेड लगाकर आम जनता के लिए देखने हेतु खुला ही रखा जाए जिससे वे अपने गौरवशाली अतीत व राखीगढ़ी के प्राचीन नगर को अपनी आंखों से देख सकें। इस प्रकार राखीगढ़ी की महत्वता को देखते हुए सरकार का उसपर विशिष्ट ध्यान न्यायसंगत है।यह लेखक के निजी विचार हैं।

# 5 दिन में 3300 अंक सेंसेक्स गिरा, 19 लाख करोड़ डूबे

## ● आगे और खराब होगी स्थिति! ● कच्चा तेल 100 डॉलर के पार जा सकता है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले 5 कारोबारी दिन में सेंसेक्स की कीमतों में 3300 अंक की गिरावट आई है। पिछले हफ्ते पीएसयू बैंक, टूरिज्म एंड एयरलाइन, रियल स्टेट, बैंकिंग और ऑटो सेक्टर की कंपनियों के शेयरों की स्थिति खराब रही। अब बेटियों के मन में सवाल खड़ा हो रहा है आगे क्या होगा पिछले हफ्ता शेयर बाजार के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा है। महज 5 कारोबारी दिन में बेटियों के 19 लाख करोड़ रुपये डूब गए। अमेरिका और ईरान युद्ध की वजह से दुनिया भर में अनिश्चितता का माहौल है। जिसका बुरा असर भारतीय शेयर बाजारों पर भी पड़ा है। बता दें, पिछले 5 कारोबारी दिन में सेंसेक्स की कीमतों में 3300 अंक की गिरावट आई है। अब बेटियों के मन में सवाल खड़ा हो रहा है आगे क्या होगा



पिछले हफ्ते पीएसयू बैंक, टूरिज्म एंड एयरलाइन, रियल स्टेट, बैंकिंग और ऑटो सेक्टर की कंपनियों के शेयरों की स्थिति खराब रही। हालांकि, इस बीच डिफेंस स्टॉक को खरीदने की होड़ में दिखी। मझगांव डॉक, सोलर इंडस्ट्रीज और पारस डिफेंस के शेयरों का भाव युद्ध की वजह से बढ़त हासिल करने में सफल रहा है। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार जिन कंपनियों का शेयर बाजार में मार्केट कैप 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा का है। ऐसे 80 प्रतिशत कंपनियों के शेयरों की कीमतों में आल टाइम की तुलना में 20 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। वहीं, निफ्टी अपने आल टाइम हाई की तुलना में 7 प्रतिशत लुढ़क चुका है।

दुनिया में कच्चे तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है। जिसकी वजह से आने वाले समय में क्रूड ऑयल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हो सकती है। कई एक्सपोर्ट्स का कहना है कि अगर युद्ध जल्द खत्म नहीं हुआ तो कच्चे डॉलर का रेट 100 डॉलर प्रति बैरल को क्रॉस कर सकता है।

### चेक करें कीमत

# इस हफ्ते खुल रहे हैं 4 कंपनियों के आईपीओ, तीन बड़े नाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस हफ्ते एक बार फिर से आईपीओ की बाहर लौट आई है। कुल 4 कंपनियों के आईपीओ खुल रहे हैं। इन कंपनियों में तीन मेनबोर्ड बारिश की हैं। तो वहीं, 1 कंपनी एसएमई बारिश की है। इस हफ्ते एक बार फिर से आईपीओ की बाहर लौट आई है। कुल 4 कंपनियों के आईपीओ खुल जा रहे हैं। इन कंपनियों में तीन मेनबोर्ड बारिश की हैं। तो वहीं, 1 कंपनी एसएमई बारिश की है। इस कंपनी के आईपीओ का साइज 254.98 करोड़ रुपये का है। कंपनी आईपीओ के जरिए 1.47 करोड़ फ्रेश शेयर और 63 लाख शेयर ऑफर फार सेल के जरिए जारी करेगी। कंपनी का आईपीओ 9 मार्च से 11 मार्च तक खुला रहेगा। राजपूताना निफ्टी आईपीओ का प्राइस बैंड 116 रुपये से 122 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। कंपनी ने 110 निफ्टी का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से रिटेल निवेशकों को कम से कम 13420 रुपये का इन्वेस्टमेंट करना होगा। इस कंपनी के आईपीओ का साइज 322.84 करोड़ रुपये का है। कंपनी आईपीओ के जरिए 47 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी। वहीं, ऑफर फार सेल के जरिए 12 लाख शेयर जारी किए जाएंगे। आईपीओ 10 मार्च से 12 मार्च तक खुला रहेगा। इनोविजन आईपीओ का प्राइस बैंड 521 रुपये से 548 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। कंपनी



ने 27 निफ्टी का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से रिटेल निवेशकों को कम से कम 14796 रुपये का दांव लगाना होगा। कंपनी के आईपीओ का साइज 6000 करोड़ रुपये है। आईपीओ पूरी तरह से फ्रेश शेयरों पर आधारित है। यह आईपीओ 11 मार्च से 13 मार्च तक खुला रहेगा। कंपनी ने आईपीओ के लिए 99 रुपये से 100 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया है। आईपीओ में क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए अधिकतम 75 प्रतिशत हिस्सा इशू के लिए रिजर्व रहेगा। वहीं, एनआईआई के लिए कम से कम 25 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व रहेगा। इस कंपनी के आईपीओ का साइज 35.77 करोड़ रुपये का है। कंपनी आईपीओ के जरिए 33 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी ।एप्सिस एयरोकॉम आईपीओ का प्राइस बैंड 104 रुपये से 110 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। कंपनी ने 1200 शेयरों का एक लॉट बनाया है। रिटेल इन्वेस्टर्स कम से कम 2400 शेयरों पर दांव लगाना होगा। किसके कारण से इन्वेस्टर्स को कम से कम 264000 रुपये का इन्वेस्टमेंट करना होगा।

# एलपीजी सिलेंडर महंगी लेकिन 300 की सब्सिडी देगी सरकार, करोड़ों ग्राहकों को फायदा

## क्यों उगाए गए पिकअप के दाम, उज्जया योजना के उगाने को सब्सिडी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन ऑयल सब्सिडी (आईयूसी) की वेबसाइट के अनुसार नई सब्सिडी के बाद दिल्ली में अब गैर-सब्सिडी वाली एलपीजी का 14.2 किलोग्राम का सब्सिडी 913 रुपये में मिलेगा। यह जुलाई 2023 के बाद का सर्वोच्च स्तर है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर अब भारत पर भी दिखने लगा है। इस तनाव के बीच घरेलू और कमर्शियल, दोनों ही एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ गए हैं। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की सब्सिडी दर्ज की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 900 रुपये के पार पहुंच गई है। हालांकि, मोदी सरकार की एक स्कीम में उगाने को 300 रुपये की सब्सिडी मिलती है। आइए डिटेल जान लेते हैं।

इंडियन ऑयल सब्सिडी (द्वष्टह) की वेबसाइट के अनुसार नई बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में अब गैर-सब्सिडी वाली एलपीजी का 14.2 किलोग्राम का सब्सिडी 913 रुपये में मिलेगा। यह जुलाई 2023 के बाद का सर्वोच्च स्तर



है। बता दें कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 11 महीने बाद कोई बदलाव किया गया है। इससे पहले 8 अप्रैल 2025 को इसकी कीमत 50 रुपये बढ़कर 853 रुपये प्रति सब्सिडी की गई थी।

वहीं,उज्ज्या योजना के उगाने को 300 रुपये की सब्सिडी के साथ एलपीजी सिलेंडर 613 रुपये पर मिलेगा। योजना के उगाने के लिए एलपीजी को ज्यादा किफायती बनाने और उनके द्वारा एलपीजी का निरंतर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए, मई 2022 में सरकार ने 14.2 किलोग्राम पिकअप पर 200 रुपये (और 5 किलोग्राम कनेक्शन के लिए आनुपातिक रूप से निर्धारित) सब्सिडी शुरू की। इसे बाद में बढ़ाकर 14.2 किलोग्राम पिकअप पर 300 रुपये (और 5 किलोग्राम कनेक्शन के लिए आनुपातिक रूप से निर्धारित) कर दिया गया। बता दें कि उज्ज्वला योजना के 10 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी हैं। इस योजना की शुरुआत साल 2016 में शुरू हुई थी। एलपीजी पिकअप के दाम में यह बढ़ोतरी पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष शुरू होने के बाद वैश्विक ऊर्जा की कीमतें तेजी से बढ़ने के बाद की गई है। कीमत बढ़ने के बावजूद पड़ोसी देशों की तुलना में भारत में रसोई गैस की कीमत सबसे कम है। कीमत में यह बढ़ोतरी आज यानी सात मार्च से प्रभावी है। कीमत में 11 महीने में दूसरी बार बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले पिछले साल अप्रैल में कीमत में 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। होटल और रेस्टोरेंट जैसे किफायती में इस्तेमाल की जाने वाली कमर्शियल एलपीजी की कीमत 19 किलोग्राम के हर पिकअप पर 114.5 रुपये बढ़ाई गई है। अब दिल्ली में इसकी कीमत 1,883 रुपये है। यह बढ़ोतरी एक मार्च को 19 किलोग्राम के हर पिकअप पर 28 रुपये बढ़ाने के बाद की गई है। इस साल कमर्शियल एलपीजी की लाइनों में 302.50 रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

# पाकिस्तान में 55 रुपये महंगा हुआ तेल, पेट्रोल 321 और डीजल का रेट 335 रुपये पहुंचा, पंप के बाहर लम्बी लाइन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तानी सरकर ने कीमतों में 55 रुपये का इजाफा किया है। इस बढ़ोतरी के बाद पाकिस्तान में 1 लीटर पेट्रोल का रेट 321.17 रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। वहीं, डीजल का भाव 335.86 रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। पाकिस्तान में 55 रुपये महंगा हुआ तेल, पेट्रोल 321 और डीजल का रेट 335 रुपये पहुंचा, पंप के बाहर लम्बी लाइन अमेरिका और ईरान के बीच जारी युध्द का बुरा असर पाकिस्तान पर पड़ा है। पड़ोसी देश में तेल की कीमतों में शुक्रवार और शनिवार की रात को बढ़ोतरी देखने को मिली है। पाकिस्तानी सरकर ने कीमतों में 55 रुपये का इजाफा किया है। इस बढ़ोतरी के बाद पाकिस्तान में 1 लीटर पेट्रोल का रेट 321.17 रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। वहीं, डीजल का भाव 335.86 रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। बता दें, पाकिस्तान पूरी तरह से तेल के आयात पर निर्भर है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का रास्ता प्रभावित होने के बाद से ही पाकिस्तान में तेल की आपूर्ति प्रभावित हुई है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि आने वाले दिनों में कच्चे तेल का रेट 100 डॉलर प्रति बैरल को क्रॉस कर सकता है। पड़ोसी देश पाकिस्तान अपना अधिकतर कच्चा तेल सउदी अरब और यूएई से मंगाता है। यह सभी तेल स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते से आता है। ऐसे में इस रास्तें कोई व्यवधान सप्लाई चेन को प्रभावित करेगा। बता दें, कीमतों में बढ़ोतरी का फैसला इमरजेंसी मीटिंग में लिया गया है। इस मीटिंग में डिप्टी प्राइम मिनिस्टर इशाक डार, वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब और पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक मौजूद थे। तेल की कीमतों में हुए अचानक बढ़ोतरी के बाद कराची, लाहौर और इस्लामाबाद में पेट्रोल पंप के बाहर लम्बी कतारें देखी जा रही है। बड़ी संख्या में लोग पेट्रोल पंप पर अपनी गाडियां लेकर पहुंच रहे हैं।

# संकट में भारत को मिला ऑस्ट्रेलिया, कनाडा का साथ

## अतिरिक्त गैस सप्लाई के लिए बढ़ाया हाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले के बाद मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ गया है। इससे भारत समेत कई देशों को क्रूड ऑयल और गैस की दिक्कत हो सकती है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य से आपूर्ति बाधित होने की आशंका के बीच भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए नए विकल्प तलाश रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार ऑस्ट्रेलिया, कनाडा समेत कई देशों ने भारत को अतिरिक्त गैस सप्लाई की पेशकश की है। सूत्रों ने कहा मिडिल ईस्ट में तनाव के कारण भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति अब किसी एक समुद्री मार्ग पर निर्भर नहीं है। एक ही समुद्री मार्ग पर निर्भरता के दिन अब लद चुके हैं। भारत जितना तेल आयात करता है, उसका करीब आधा हिस्सा हॉर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। बाकी का क्रूड ऑयल अन्य मार्गों से आता है, जो अभी प्रभावित नहीं हैं। भारत अपनी जरूरत का क्रूड



ऑयल और गैस कई देशों से खरीदता है। इनमें ये प्रमुख हैं : भारत ने हाल ही में अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे साझेदार देशों के साथ भी नई ऊर्जा आपूर्ति व्यवस्थाएं की हैं। इसका मकसद है कि लंबी अवधि के लिए स्थिर सप्लाई सुनिश्चित हो सके। पिछले दस वर्षों में भारत ने अपनी तेल आपूर्ति के स्रोत 27 देशों से बढ़ाकर 40 देशों तक कर दिए हैं, जो छह महाद्वीपों में फैले हुए हैं। वैश्विक संकट के कारण पिछले कुछ दिनों में क्रूड ऑयल की कीमत करीब 15 फीसदी बढ़ गई है।

# ईरान-अमेरिका जंग की वजह से बंद हो रही भारत की रिफाइनरी कंपनी ने चीज बता दिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच छिड़ी जंग ने भारतीय मार्केट को भी प्रभावित किया है। शेयर बाजार से लेकर तेल कारोबार तक में हलचल है। मीडिया में तो ये खबरें भी चल रही थीं कि मंगलौर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) की रिफाइनरी को बंद किया जा रहा है। अब सोशल मीडिया पर चल रही उन खबरों का कंपनी ने आधिकारिक तौर पर डाला है। कंपनी ने साफ किया है कि कच्चे तेल की कमी की अटकलों के बावजूद उसका ऑपरेशन पूरी तरह से उत्पादन रूप से जारी है। सरकारी नियंत्रण वाली इस रिफाइनरी ने शनिवार को ऑयलप्राइस डॉट कॉम द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर पोस्ट किए जाने के बाद औपचारिक स्पष्टीकरण जारी किया। वायरल पोस्ट में कहा गया था कि 300,000 बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) की क्षमता वाली रिफाइनरी अपनी इकाइयों को बंद कर रही है क्योंकि क्षेत्रीय तनाव के कारण मध्य पूर्वी कच्चे तेल की आपूर्ति खाड़ी देशों में फंसी हुई है।

एमआरपीएल ने इन सप्लाई को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया है और कहा है कि रिफाइनरी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चल रही है और उसने निकट भविष्य के लिए अपनी आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षित कर ली



है। एक आधिकारिक बयान में कंपनी ने कहा- हम स्पष्ट करते हैं कि यह तथ्यात्मक रूप से गलत है। एमआरपीएल सामान्य रूप से काम कर रहा है और उसने संचालन जारी रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में कच्चे तेल का आवंटन कर लिया है। रिफाइनरी बिना किसी यूनिट के बंद हुए अपनी सामान्य क्षमता पर काम कर रही है। कच्चे तेल की कमी की अफवाहों के विपरीत, कंपनी ने पर्याप्त मात्रा में कच्चे तेल का स्टॉक कर लिया है।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और बीपीसीएल जैसी कंपनियों को भी इसी तरह की अफवाहों का सामना करना पड़ा। अफवाह है कि पेट्रोल और डीजल की किल्लत आने वाली है। इसी को लेकर इंडियन ऑयल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया- भारत में पर्याप्त ईंधन भंडार है और आपूर्ति एवं वितरण नेटवर्क सामान्य रूप से काम कर रहे हैं।

# शेयर बाजार के नए धुरंधर हैं डिफेंस स्टॉक, क्या ले लेंगे टीसीएस, इंफोसिस और विप्रो की जगह

## स्मॉल कैप डिफेंस स्टॉक ने दिया है अच्छा रिटर्न

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के सर्वे का भाव 215 रुपये से 1355 रुपये के स्तर पर पिछले 4 साल में पहुंच गया है। इस दौरान कंपनी के सर्वे की कीमतों में 500 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, बीईएल के सर्वे की कीमतों में 4 साल में 600 प्रतिशत की तेजी से दर्ज की गई है। पिछले दो दशक के दौरान भारतीय शेयर बाजारों में आईटीओ कंपनियों जैसे टीसीएस, इंफोसिस और विप्रो ने शानदार रिटर्न दिया है। लंबी अवधि में इन कंपनियों ने इंजीनियरों को मालामाल कर दिया है। रूस और यूक्रेन युद्ध के बाद गतिविधियों में काफी बदलाव आया है। उसके बाद से ही ये कंपनियां इंजीनियरों को अच्छा रिटर्न देने में असफल रही हैं। लेकिन इस दौरान डिफेंस कंपनियों के सर्वे की कीमतों में काफी तेजी आई है। जिसके बाद से यह सवाल उठ रहा है कि क्या डिफेंस कंपनियां दिग्गज आईटी कंपनियों की जगह शेयर बाजार में ले लेंगी भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के सर्वे का भाव 215 रुपये से 1355 रुपये के स्तर पर पिछले 4 साल में पहुंच गया है। इस दौरान कंपनी के सर्वे की कीमतों में 500 प्रतिशत की तेजी



से आई है। वहीं, बीईएल के सर्वे की कीमतों में 4 साल में 600 प्रतिशत की तेजी से दर्ज की गई है। इस स्टॉक की कीमत 4 साल पहले 67 रुपये थी। जोकि अब बढ़कर 470 रुपये हो गई है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर भी रिटर्न देने के मामले में किसी से पीछे नहीं हैं। कंपनी के सर्वे की कीमतों में इस दौरान 500 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। जिसकी वजह से 657 रुपये का शेयर 4030 रुपये पर पहुंच गया। अपोलो माइक्रो सिस्टम्स के सर्वे की कीमतों में 1750 प्रतिशत की तेजी से देखने को मिली है। कंपनी के सर्वे का भाव 12 रुपये से बढ़कर 221.50 रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। जेन टेक्नोलॉजी ने इंजीनियरों को पिछले 4 साल में 625 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। जिसके कारण से खुलने का भाव 196 रुपये से बढ़कर 1429 रुपये के लेवल तक पहुंचने में सफल रहा है। एक्सपोर्ट्स का कहना है कि एआई की वजह से आईटी कंपनियों के शेयर घरेलू बाजार में काफी दबाव में हैं। भारतीयों का ध्यान अब डिफेंस कंपनियों की तरफ मुड़ा है। वैश्विक तनाव और घरेलू भारतीय कंपनियों का ऑर्डर बुक ने खेल को बदल दिया है। सरकार का भी फोकस डिफेंस कंपनियों की तरफ बढ़ाया है।

# एलपीजी के बाद अगला नंबर पेट्रोल और डीजल का क्या बढ़ने जा रही हैं कीमतें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर 60 रुपये की कीमत बढ़ा दी थी। वहीं, कमर्शियल गैस सिलेंडर 115 रुपये महंगा हो गया था। जिसके बाद से ही इस बात की चर्चा शुरू हो गई कि क्या आने वाले समय में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी होगी शुक्रवार की देर रात को एलपीजी की कीमतों में सरकार की तरफ से बढ़ोतरी की गई थी। सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर 60 रुपये की कीमत बढ़ा दी थी। वहीं, कमर्शियल गैस सिलेंडर 115 रुपये महंगा हो गया था। जिसके बाद से ही इस बात की चर्चा शुरू हो गई कि क्या आने वाले समय में पेट्रोल और डीजल की कीमतों



में भी बढ़ोतरी होगी इस पर सूत्रों के सर्वे से बड़ी खबर सामने आई है। समाचार एजेंसी एन जरूरतमंद की रिपोर्ट के अनुसार सरकार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं होने जा रहा है। सूत्रों के अनुसार सरकार ने स्ट्रेट ऑफ हॉर्मज के अलावा अन्य स्रोतों से कच्चे तेल के आयात को 10 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। ईरान पर हमला कर दिया था। जिसके बाद ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत हो गई। जिसके बाद ईरान के सुप्रीम लीडर की सेना द्वक्रह्नष्ट ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते को बंद करने का ऐलान किया था। इस रास्ते दुनिया के इंपोर्ट होने वाले तेल का 20 परसेंट हिस्सा आता है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक खाड़ी देशों ने भारत के सप्लाई किए जाने वाले क्रूड ऑयल को आधा कर दिया है। वहीं, एलएनजी और एलपीजी की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। 2025 में भारत ने कुल 25 मिलियन टन की एलएनजी इंपोर्ट की थी। जिसमें 14 मिलियन टन एलएनजी स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते से आया था। बता दें, भारत, चीन, जापान और साउथ कोरिया जैसे की लिस्ट में शामिल है। जो दुनिया में सबसे ज्यादा एलएनजी इंपोर्ट करते हैं। सरकार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि एनर्जी स्टॉक में तेजी से के साथ सुधार हो रहा है। हालांकि, एलपीजी की स्थिति को लेकर सरकार में चिंता है। कतर ने भारत सरकार को दावा दिया है कि जैसे ही यह रास्ता पूरी तरह से खुलता है वैसे ही वह अपनी सप्लाई शुरू कर देगा।

# गूगल सीईओ पिचाई को तोहफा, 3 साल में मिलेगी 5700 करोड़ सैलरी, चेक करें डिटेल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुंदर पिचाई साल 2015 में गूगल के सीईओ बने थे और 2019 में उन्हें उसकी पैरेंट कंपनी अल्फाबेट का भी सीईओ बना दिया गया। उनके नेतृत्व में कंपनी ने क्लाउड कंप्यूटिंग, हार्डवेयर डिवाइसेज और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में तेजी से विस्तार किया है। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट ने अपने मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई के लिए एक नया सैलरी पैकेज मंजूर किया है। यह सैलरी पैकेज तीन साल के लिए 692 मिलियन डॉलर (करीब 5700 करोड़ रुपये) का है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस पैकेज का एक बड़ा हिस्सा परफॉर्मेंस स्टॉक यूनिट्स (पीएसयू) से जुड़ा है। यह 126 मिलियन डॉलर का है।




इन्हें दो बराबर भागों में बांटा गया है और अंतिम भुगतान एसएंडपी 100 इंडेक्स में शामिल कंपनियों के सापेक्ष अल्फाबेट के प्रदर्शन से जुड़ा है। इसका मतलब है कि सुंदर पिचाई की वास्तविक कमाई इस बात पर निर्भर करेगी कि आने वाले वर्षों में अल्फाबेट का प्रदर्शन कैसा रहता है और उसके शेयरों की कीमत कितनी बढ़ती है।

यदि अल्फाबेट अपने प्रतिस्पर्धियों से काफी बेहतर प्रदर्शन करता है तो परफॉर्मेंस स्टॉक यूनिट्स भुगतान दोगुना बढ़कर 252 मिलियन डॉलर हो सकता है जबकि कमजोर प्रदर्शन होने पर यह शून्य हो सकता है। पिचाई को इसी तीन साल की अवधि में 84 मिलियन डॉलर के प्रतिबंधित स्टॉक भी मिलेंगे। जब तक पिचाई कंपनी में बने रहेंगे, ये शेयर मासिक रूप से वेस्ट होते रहेंगे। उनका वार्षिक वेतन 2 मिलियन डॉलर ही रहेगा। इस पैकेज की तुलना सोशल मीडिया पर एलन मस्क को टेस्ला से मिले बड़े वेतन पैकेज से भी की जा रही है।



## राज शांडिल्य ने बालाजी टेलीफिल्म्स संग खत्म किया कॉन्ट्रैक्ट

निर्देशक राज शांडिल्य ने एकता कपूर की बालाजी मोशन पिक्चर्स (बालाजी टेलीफिल्म्स) के साथ अपना कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर दिया। राज ने ऑफिशियल बयान में अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया। राज शांडिल्य ने जारी ऑफिशियल बयान में स्पष्ट करते हुए बताया कि कॉन्ट्रैक्ट के अधिकारों के अनुसार टर्मिनेशन नोटिस जारी किया गया था, जिसे दो हफ्ते से ज्यादा समय बीत चुका है। राज शांडिल्य ने कहा, 'मैंने अपने कॉन्ट्रैक्ट के अधिकारों के अनुसार बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ अपना कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने का नोटिस जारी किया था। टर्मिनेशन नोटिस जारी हुए अब दो हफ्ते से ज्यादा हो गए हैं। अगर बालाजी को लगता था कि उनके पास टर्मिनेशन को चुनौती देने का कोई ठोस कानूनी आधार है, तो वे सिविल कोर्ट जा सकते थे, लेकिन ऐसी कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई है।' उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बजाय अब बेबुनियाद क्रिमिनल आरोप लगाने की कोशिश की जा रही है। राज का कहना है कि ये आरोप पूरी तरह निराधार हैं और टर्मिनेशन को चुनौती देने के बजाय डराने-धमकाने की कोशिश लगती हैं। उन्होंने अपनी लीगल पोजीशन पर भरोसा जताया और कहा कि वे ऐसे किसी भी इल्जाम को सही कानूनी प्रक्रिया के जरिए देखेंगे। राज ने यह भी साफ किया कि उनकी अपकमिंग फिल्म 'भागम भाग 2' पूरी तरह ट्रैक पर है और तय समय पर आगे बढ़ेगी। फिल्म में अक्षय कुमार, मनोज बाजपेयी, परेश रावल जैसे कलाकार हैं और यह साल 2006 की हिट कॉमेडी 'भागम भाग' का सीक्वल है। राज ने क्रिएटिव इंडस्ट्री के सदस्यों से अपील की कि वे ऐसे प्रेशर टैक्टिक्स पर ध्यान दें और भविष्य में प्रोफेशनल एसोसिएशन तय करते समय सावधानी बरतें। राज शांडिल्य निर्देशक के साथ ही लेखक भी हैं, जिन्होंने 'ड्रीम गर्ल', 'ड्रीम गर्ल 2' और 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' जैसी फिल्मों में काम किया है। जानकारी के अनुसार, एकता कपूर ने कॉन्ट्रैक्ट तोड़ने का आरोप लगाते हुए राज शांडिल्य समेत 'भागम भाग 2' के प्रोड्यूसर्स और अक्षय कुमार की केप ऑफ गुड फिल्म्स पर भी केस किया है।



# पहली बार अवॉर्ड शो के मंच पर उतरीं सोनम बाजवा

फिल्मी दुनिया में अवॉर्ड नाइट्स को हमेशा खास माना जाता है। इस मंच पर परफॉर्म करना किसी भी कलाकार के लिए बड़ा सम्मान होता है। इसी से जुड़ा एक खास अनुभव अभिनेत्री सोनम बाजवा ने साझा किया। उन्होंने पहली बार जी सिने अवॉर्ड्स 2026 के अवॉर्ड शो में पहली बार लाइव परफॉर्मेंस दी। इस दौरान उन्हें कैसा महसूस हुआ, इस बारे में अभिनेत्री ने खुलकर बात की। सोनम ने जी सिने अवॉर्ड्स 2026 में अपनी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' के गानों 'बोल कफफारा क्या होगा' और 'दिल दिल दिल' पर शानदार डांस किया। उनकी एनर्जी और एक्सप्रेशन ने वहां दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया। उनकी परफॉर्मेंस को देख वहां मौजूद लोगों ने जमकर तालियां बजाईं। सोनम ने अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, ''मैं पहले भी कई लाइव शो कर चुकी हूं, लेकिन किसी अवॉर्ड नाइट में परफॉर्म करना मेरे लिए बिल्कुल अलग एहसास था। बचपन में मैं टीवी पर अवॉर्ड फंक्शन देखा करती थी और सोचती थी कि एक दिन मैं भी ऐसे ही मंच पर खड़ी होंगी। अब जब मुझे यह मौका मिला तो यह मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा था।''


उन्होंने कहा, ''यह मेरा पहला अवॉर्ड शो परफॉर्मेंस था, इसलिए यह मेरे लिए बेहद खास है। पूरे फिल्म जगत के सामने स्टेज पर खड़ा होना अलग ही अनुभव है। वहां का माहौल, सिनेमा का जश्न और फैंस का प्यार, सब कुछ बहुत भावुक कर देने वाला होता है। परफॉर्मेंस से पहले मैं थोड़ी नर्वस थी, लेकिन साथ ही दिल में आभार भी था कि मुझे इतना बड़ा मौका मिला।'' साल 2025 सोनम बाजवा के लिए बेहद खास रहा। उनकी फिल्म 'हाउसफुल 5' और 'एक दीवाने की दीवानियत' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया। इतना ही नहीं, उन्होंने साल 2026 की शुरुआत भी बड़े प्रोजेक्ट के साथ की है। वह सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आईं। इन फिल्मों की सफलता ने उन्हें हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एक मजबूत पहचान दिलाई।



## कृति सेनन से 'बेहतर होने की जंग' में यामी गौतम ने दी सफाई

सोशल मीडिया में इन दिनों 'बेस्ट एक्ट्रेस' अवॉर्ड को लेकर बहस तेज हो गई है। अभिनेत्री यामी गौतम और कृति सेनन के प्रशंसकों के बीच यह विवाद छिड़ गया है कि दोनों में से बेहतर अभिनेत्री कौन है। दिलचस्प बात यह है कि यह पूरा विवाद यामी गौतम द्वारा एक सोशल मीडिया पोस्ट को 'लाइक' करने के बाद शुरू हुआ। हालांकि, अब यामी गौतम ने इस मामले पर सफाई देते हुए कहा है कि उनका किसी भी अभिनेत्री को नीचा दिखाने का कोई इरादा नहीं था। यामी गौतम ने अपने 'लाइक' को लेकर उठे विवाद पर प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि एक सेलिब्रिटी होने के कारण उन्हें रोजाना कई पोस्ट में टैग किया जाता है और कई बार यह स्पष्ट नहीं होता कि पोस्ट किसके संदर्भ में है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'मुझे पता चला है कि मैंने एक ऐसी रील को 'लाइक' किया है, जिसे किसी अन्य कलाकार के प्रति अपमानजनक माना जा रहा है। हमें रोजाना कई पोस्ट में टैग किया जाता है और यह भी एक अवॉर्ड समारोह से जुड़ी किसी अन्य टैग की तरह ही दिखाई दिया। ऐसा बिल्कुल भी जानबूझकर नहीं किया गया था। संभव है कि यह गलती से क्लिक हो गया हो।' यामी गौतम ने यह भी स्पष्ट किया कि उनके पास कोई पीआर टीम नहीं है और उन्हें ऐसे 'घटिया पीआर हथकंडे' अपनाने नहीं आते। दरअसल, जिस पोस्ट को यामी गौतम ने 'लाइक' किया था, उसमें एक तरफ कृति सेनन की तस्वीर और दूसरी तरफ यामी गौतम की तस्वीर लगाई गई थी। पोस्ट में कृति सेनन की तुलना में यामी गौतम को 'बेस्ट एक्ट्रेस' अवॉर्ड के लिए अधिक योग्य बताया गया था। गौरतलब है कि कृति सेनन को फिल्म 'तेरे इश्क में' के लिए 'बेस्ट एक्ट्रेस' का अवॉर्ड मिला था। इसी पोस्ट को लाइक किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर बहस शुरू हो गई और दोनों अभिनेत्रियों के प्रशंसक आपस में भिड़ गए।

# क्या रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' में होगा शाहरुख खान का कैमियो




पहले भी शाहरुख खान की फिल्म 'रा.वन' में रजनीकांत के मशहूर किरदार चिट्टी का कैमियो दिखाया गया था, लेकिन बाद में अभिनेता सुरेश मेनन ने बताया था कि उस सीन में खुद रजनीकांत मौजूद नहीं थे। वहीं रोहित शेट्टी की फिल्म 'चेन्नई एक्सप्रेस' के गाने लुंगी डांस में भी रजनीकांत को ट्रिब्यूट दिया गया था। लेकिन अब खबरें आ रही हैं कि जेलर 2 में दोनों साथ में नजर आ सकते हैं। खबरें है कि निर्देशक नेल्सन दिलीपकुमार की फिल्म 'जेलर 2' में दोनों स्टार्स एक साथ दिखाई देंगे। यह जानकारी अभिनेता मोहनलाल के स्टाइलिस्ट जिहाद शमसुद्दीन के इंस्टाग्राम स्टोरी से सामने आई, जिसके बाद फैंस के बीच एक्साइटमेंट और चर्चा तेज हो गई है। हालांकि फिल्म के मेकर्स की ओर से अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। लेकिन फैंस के बीच इस खबर की वजह से एक्साइटमेंट बढ़ गई है।

### क्यों हुई चर्चाएं तेज

दरअसल, जिशाद ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक एआई से बनी तस्वीर शेयर की, जिसमें ग्रे-हेयर लुक में शाहरुख खान कार चलाते नजर आ रहे हैं, उनके साथ आगे की सीट पर मोहनलाल बैठे हैं, जबकि पीछे की सीट पर रजनीकांत और शिव राजकुमार दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर के कैप्शन में लिखा था कि फैंस 'जेलर 2' में ऐसा फ्रेम देखने का इंतजार कर रहे हैं। इस पोस्ट को री-शेयर करते हुए जिशाद ने लिखा, 'कंदिप्पा इरुक्कुम यानी (पक्का होगा)', जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि फिल्म में इन सभी स्टार्स का एक साथ सीन हो सकता है।

### पहली बार साथ दिखाई दे सकते हैं दोनों स्टार्स

बता दें कि मोहनलाल ने 2023 की हिट फिल्म जेलर में रजनीकांत के किरदार मुथुवेल पांडियन आईपीएस (टाइगर) के दोस्त मैथ्यू के रूप में कैमियो किया था और वह सीक्वल में भी वापसी करेंगे। अगर खबर सही साबित होती है, तो शाहरुख खान और रजनीकांत का यह पहला ऑन-स्क्रीन साथ होगा। फिलहाल शाहरुख खान फिल्म किंग की शूटिंग में व्यस्त हैं।



## दो जी सिने अवॉर्ड मिलने पर बोलीं अनीत पड्डा



फिल्मी दुनिया में अक्सर हम कलाकारों की शानदार लाइफस्टाइल से आकर्षित होते रहते हैं। लेकिन इस शोहरत के पीछे उनकी मेहनत और संघर्ष होता है। इस कड़ी में अभिनेत्री अनीत पड्डा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता को दिया। दरअसल, उन्होंने जी सिने अवॉर्ड्स 2026 में दो बड़े अवॉर्ड्स जीते, जिसे उन्होंने अपने पिता को समर्पित किया। अनीत पड्डा ने जी सिने अवॉर्ड्स 2026 में बेस्ट डेब्यू फीमेल का अवॉर्ड जीता। इसके साथ ही उन्हें व्यूअर्स चॉइस बेस्ट एक्ट्रेस का सम्मान भी मिला। स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंची अनीत ने अपनी स्पीच में सबसे पहले अपने पिता का जिक्र किया और कहा, ''मैं इस जीत का श्रेय अपने पापा को देती हूं। यह पल मेरे जिंदगी के सबसे इमोशनल पलों में से एक है। मैंने मेहनत से अपने पापा का सपना पूरा किया है। मेरे पापा भी एक्टर बनना चाहते थे, लेकिन किसी वजह से उनका यह सपना पूरा नहीं हो सका, लेकिन अब उनकी बेटी ने उनका यह सपना पूरा किया है। मैंने अपने पापा के इस सपने को जिया है।'' अनीत ने पंजाबी भाषा में अपने पापा से कहा, ''अब आपका सपना आपकी बेटी के जरिए पूरा हो गया है। जब आप कहते थे कि मैं अपना सपना तुम्हारे जरिए जी रहा हूं, तो मुझे एहसास होता था कि मैं सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि अपने पापा के सपने को भी साकार कर रही हूं।''



# हमारे लिए एक प्रिवलेज है, नेपोटिज्म पर सैफ अली खान ने दी प्रतिक्रिया

**बॉलीवुड में नेपोटिज्म को लेकर अक्सर ही बहस छिड़ी रहती है। आउटसाइडर इसको लेकर इल्जाम लगाते रहते हैं। जबकि स्टारकिड अपना पक्ष भी रखते रहते हैं। अभिनेता सैफ अली खान भी एक स्टारकिड हैं और उनके दो बच्चे इब्राहिम अली खान और सारा अली खान भी फिल्म इंडस्ट्री में हैं। अब सैफ ने इस बारे में बात की। उनका मानना है कि पारिवारिक संबंधों के कारण उन्हें जो अवसर मिले हैं, वे उन लोगों की तुलना में बेहद अन्यायपूर्ण हैं, जिन्हें ये प्रिवलेज नहीं हैं।**

### स्टारकिड्स प्रिवलेज्ड हैं

अपनी बहन सोहा अली खान के यूट्यूब चैनल पर बातचीत में सैफ अली खान ने कहा कि भाग्यशाली लोगों और गुमनाम, दुर्भाग्यशाली लोगों में बहुत बड़ा अंतर होता है, जिन्हें पहचान बनाने के बहुत कम मौके मिलते हैं। इसीलिए यह देखना अद्भुत है कि कोई गिटारिस्ट, म्यूजिक डायरेक्टर या अभिनेता बनकर बिना किसी गॉडफादर या मशहूर माता-पिता के सहारे जमीनी स्तर से सफलता की सीढ़ियां चढ़ता है। माता-पिता की लोकप्रियता के कारण हमें जो सफलता मिलती है, वह बेहद अन्यायपूर्ण है और हमारे लिए एक प्रिवलेज है। नेपोटिज्म पर मेरा यही नजरिया है।

### लोग तब उठाते हैं सवाल

बातचीत के दौरान सैफ ने आगे कहा कि जब आप अपने काम में माहिर हो जाते हैं, तो दर्शक संतुष्ट हो जाते हैं। लेकिन समस्या तब आती है जब आपको बार-बार मौके मिलते हैं और आप अपने काम में बिल्कुल बेकार होते हैं। तब लोग कहते हैं, 'अरे, ये क्या हो रहा है? किसी को मौका नहीं मिल रहा और उस व्यक्ति को बार-बार मौका मिल रहा है। मुझे लगता है, ये बहुत गलत है।

### बच्चों की मदद करने की सीमा होती है

इंडस्ट्री का हिस्सा बन चुके अपने बच्चों सारा अली खान और इब्राहिम अली खान के बारे में भी सैफ ने बात की। उन्होंने कहा कि उनकी मदद करने की भी एक सीमा होती है। मैं निश्चित रूप से अपने सभी बच्चों का समर्थन करूंगा, लेकिन इसकी भी एक सीमा होती है। मैं इब्राहिम से भी कहता हूं। मेरा मतलब है कि मुझे नहीं पता कि इस समय मुझे तुम्हारे साथ खड़े होकर तुम्हारा हाथ थामना चाहिए या नहीं, क्योंकि तुम पहले ही अपनी हैसियत की वजह से बहुत कुछ हासिल कर चुके हो। इसलिए तुम्हें ये सब खुद करना होगा।

### इब्राहिम की एक्टिंग की हुई थी आलोचना

वर्कफ्रंट की बात करें तो इब्राहिम अली खान ने पिछले साल फिल्म 'नादानियां' से अपना एक्टिंग डेब्यू किया था। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई थी। इसके बाद ओटीटी पर ही उनकी अगली फिल्म 'सरजमीं' भी आई थी। हालांकि, इन दोनों फिल्मों में उनकी एक्टिंग की काफी आलोचना हुई थी। अब अगली बार इब्राहिम 'दिलर' में नजर आएंगे, जो सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं सैफ अली खान की पाइपलाइन में 'हैवान' शामिल है, इसमें वो अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है।



# डे-नाइट टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा कायम



## भारतीय महिला टीम को हराया

**एलिसा हीली की शानदार विदाई**



**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया।

### 149 रन पर सिमटी भारत की दूसरी पारी

भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (आठ रन पर दो विकेट) ने स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। प्रतिका भी इसके बाद ऑफ स्पिनर गार्डनर की गेंद को पुल करने की कोशिश में हवा में लहरा गईं और मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एनाबेल सदरलैंड ने उनका शानदार कैच लपका जिससे भारतीय पारी का अंत हुआ।

### लूसी ने किया कमाल

ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल गेंदबाज लूसी हैमिल्टन रहीं जिन्होंने 32 रन पर तीन विकेट चटकाए, जबकि सदरलैंड ने 15 और एलेना किंग ने 23 रन पर दो-दो विकेट हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 25 रन की दरकार थी और सलामी बल्लेबाजों जॉर्जिया वोल (नाबाद 16) और फोबे लिचफील्ड (नाबाद 11) ने 4.3 ओवर में ही बिना विकेट खोए 28 रन बनाकर मेजबान टीम को जीत दिला दी।इससे पूर्व भारत ने पहली पारी में 198 रन बनाए थे जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने सदरलैंड के 129 रन की मदद से 323 रन बनाकर मेजबान टीम को पहली पारी में अहम बढ़त दिलाई थी। मैच के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, हमने टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज जीतकर अच्छी शुरुआत की लेकिन वनडे और टेस्ट मैच में अच्छा काम जारी नहीं रख सके लेकिन ऑस्ट्रेलिया में पूर्ण सीरीज खेलना एक अच्छा अनुभव था। गुलाबी गेंद का टेस्ट एक अलग चुनौती थी।

# न्यूजीलैंड विमेंस पेसर ली ताहूहू का वनडे क्रिकेट से संन्यास



## व्हाइटफर्न्स की टॉप विकेट टेकर रहीं; कहा- टी-20 वर्ल्ड कप अगला टारगेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।**न्यूजीलैंड विमेंस क्रिकेट टीम की अनुभवी तेज गेंदबाज ली ताहूहू ने वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया। 35 साल की ताहूहू ने अपने 15 साल लंबे वनडे करियर पर ब्रेक लगाया। वे टी-20 क्रिकेट खेलना जारी रखेंगी, उन्होंने कहा कि उनका टारगेट इस साल जून में होने वाला वर्ल्ड कप है। न्यूजीलैंड की सबसे सफल वनडे गेंदबाज ताहूहू ने 2011 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया था। तब से वे कीवी टीम के बॉलिंग डिपार्टमेंट को लीड कर रही हैं। उन्होंने पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना आखिरी वनडे खेला। इस मुकाबले में उन्होंने 9 रन देकर 1 विकेट लिया।

### ताहूहू के नाम 3 बड़े रिकॉर्ड्स

- **सबसे ज्यादा विकेट:** वे न्यूजीलैंड की ओर से वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। उन्होंने 103 मैचों में 125 विकेट झटके।
- **100 मैचों का क्लब:** वे न्यूजीलैंड की उन चुनिंदा 12 महिला खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने 100 से ज्यादा वनडे मैच खेले।
- **वर्ल्ड कप का अनुभव:** ताहूहू ने अपने करियर में 4 वनडे वर्ल्ड कप (2013, 2017, 2022 और 2025) खेले।

### सपना सच होने जैसा रहा सफर

ताहूहू संन्यास की घोषणा करते हुए ताहूहू भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा, 'व्हाइटफर्न्स के लिए वनडे खेलना हमेशा गर्व की बात रही। जब मैंने शुरुआत की थी, तो एक मैच खेलना भी बड़ी बात थी, लेकिन अपने देश के लिए 100 से ज्यादा मैच खेलना मेरे लिए सपने जैसा है। मैं इस सफर की हर याद को संजोकर रखूंगी।'

## ब्रेट ने पांच गेंदों में पांच विकेट लिए: न्यूजीलैंड के डोमेस्टिक टूर्नामेंट में किया कारनामा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के घरेलू टूर्नामेंट प्लंकेट शील्ड में 8 मार्च को सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के ब्रेट रैंडेल नाम के तेज गेंदबाज ने इतिहस रच दिया। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स और नॉर्दर्न ड्रिस्ट्रिक्ट्स के बीच नेपियर के मैकलीन पार्क में खेले जा रहे मुकाबले में रैंडेल ने पहली पारी में लगातार 5 गेंदों पर 5 विकेट झटक लिए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट के इतिहास में पहली बार किसी गेंदबाज ने लगातार पांच गेंदों पर पांच विकेट झटके हैं। इससे पहले आयरलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैम्फर ने 2021 में एक घरेलू टी-20 मैच में लगातार पांच गेंदों पर पांच विकेट झटके थे। रैंडेल की गेंदबाजी से नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की टॉप ऑर्डर ढह गई। टीम 9 रन पर 5 विकेट गंवा बैठी, वह भी सिर्फ रैंडेल की पांच गेंदों में। रैंडेल ने अपनी दूसरी ओवर की आखिरी गेंद पर



ओपनर हेनरी कूपर को बोल्ड किया। अगली ओवर की पहली गेंद पर जीत रावल को आउट किया। इसके बाद जो कार्टर को कैच आउट कराकर हैट्रिक पूरी की। चौथा विकेट रॉबर्ट ओ'डॉनेल का रहा, जो स्लिप में कैच हुए। पांचवां विकेट क्रिस्टियन क्लार्क का रहा, जिनका अंदरूनी किनारा लगकर गेंद स्टंप्स से टकरा गई। उस समय रैंडेल के आंकड़े 2.4 ओवर में 2 रन देकर 5 विकेट थे। बाद में रैंडेल ने आठ गेंदों में छह विकेट लेकर एक और रिकॉर्ड बनाया। रैंडेल ने 3.5 ओवर में सात विकेट पूरे किए और 11 ओवर में 25 रन देकर करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (7/25) किया।

## भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने प्राग अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट में स्पेन के डेविड एंटोन गुइज़ारो को हराया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने कल चेक गणराज्य में आयोजित प्राग अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट के मास्टर्स वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो को हराया। भारत के अरविंद चिदंबरम ने अंतिम दौर में चेक गणराज्?य के डेविड नवारा को हराकर 5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव 6 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहे। चैलेंजर्स वर्ग में, भारत की दिव्या देशमुख ने चेक गणराज्य की हर्बेक स्टेपन को हराकर 5 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रैंडमास्टर सूर्य शेखर गांगुली 4 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

## अमीलिया ने 44 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा: वनडे में 7 विकेट लिए



**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड विमेंस की कप्तान अमीलिया कर ने रविवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल मैदान में इतिहास रच दिया। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे में कर ने महज 34 रन देकर 7 विकेट झटके। यह न्यूजीलैंड विमेंस के लिए वनडे क्रिकेट में अब तक की बेस्ट बॉलिंग परफॉर्मेंस है।जैकी लॉर्ड का 1982 में बना रिकॉर्ड तोड़ा अमीलिया कर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 7 विकेट लेकर जैकी लॉर्ड का 44 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। जैकी ने 1982 के विमेंस वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ महज 10 रन देकर 6 विकेट लिए थे। तब से कोई भी कीवी गेंदबाज एक पारी में 7 विकेट नहीं ले पाई थीं।जिम्बाब्वे की पारी 102 रन पर सिमटी न्यूजीलैंड की घातक गेंदबाजी के सामने जिम्बाब्वे की टीम ताश के पत्तों की तरह ढह गई। पूरी टीम 102 रन ही बना पाई। ओपनर केलिस एनध्लोवु ने 12 और विकेटकीपर मोडेस्टर मुपाचिक्वा ने 32 रन बनाकर टीम को 50 के पार पहुंचाया। वहीं औड्रे माज्विशाया ने 13 और तेंदाई माकुशा ने 12 रन बनाकर जिम्बाब्वे को किसी तरह 100 रन के पार कराया। न्यूजीलैंड के लिए मौली पेनफोल्ड ने जिम्बाब्वे के टॉप ऑर्डर को तोड़ते हुए शुरुआती 3 विकेट लिए। इसके बाद कर ने मोर्चा संभाला और एक के बाद एक 7 विकेट लेकर जिम्बाब्वे की कमर तोड़ दी। ब्री इलिंग, रोजमेरी मेयर और नेन्सी पटेल कोई विकेट नहीं ले पाईं। दुनिया की 7वीं गेंदबाज बनीं अमीलिया अमीलिया कर दुनिया की 7वीं ही गेंदबाज बनीं, जिन्होंने एक विमेंस वनडे में 7 विकेट लिए।



## तजिंदरपाल सिंह ने बढ़ाया मान, 20 मीटर से अधिक के थ्रो के साथ गोला फेंक में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तजिंदरपाल सिंह तूर ने शनिवार को इंडियन ओपन थ्रो प्रतियोगिता के पहले दिन गोला फेंक (शॉट पुट) स्पर्धा में 20 मीटर से अधिक का थ्रो करके स्वर्ण पदक जीता।एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तजिंदरपाल सिंह तूर ने शनिवार को इंडियन ओपन थ्रो प्रतियोगिता के पहले दिन गोला फेंक (शॉट पुट) स्पर्धा में 20 मीटर से अधिक का थ्रो करके स्वर्ण पदक जीता। पंजाब के 31 वर्षीय एथलीट ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 20.51 मीटर की दूरी के थ्रो से स्वर्ण पदक जीता।पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान परिसर में दो दिवसीय प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद तूर ने कहा, मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। तूर ने दो अन्य प्रयासों (20.02 मीटर और 20.07 मीटर) में भी 20 मीटर का आंकड़ा पार किया जिससे संकेत मिलता है कि उनका प्रशिक्षण सत्र अच्छा चल रहा था। उनके अन्य तीन प्रयास विफल रहे। तूर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 21.17 मीटर जून 2023 में बना था। इस सत्र में उनका मुख्य लक्ष्य जापान के आइची-नागोया एशियाई खेलों में अपने खिताब को बरकरार रखने के लिए साल के अंत तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। पटियाला में शनिवार को आयोजित हैमर थ्रो प्रतियोगिता में रिलायंस का प्रतिनिधित्व करने वाले स्वर्ण पदक विजेता दमनीत सिंह पर भी सबकी निगाहें टिकी थीं।

## ऑल इंग्लैंड ओपन 2026: विक्टर लाई को हराकर लक्ष्य सेन ने कटाया फाइनल का टिकट



**बर्मिंघम, एजेंसी।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने ऑल इंग्लैंड ओपन चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। लक्ष्य दो बार इस टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पुरुष सिंगल्स के सेमीफाइनल मुकाबले में कनाडा के विक्टर लाई को हराते हुए फाइनल का टिकट हासिल किया। 24 साल के लक्ष्य ने दाहिने पैर के अंगूठे में छालों के बावजूद एक घंटे 37 मिनट तक चले मुकाबले में विक्टर लाई को 21-16, 18-21, 21-15 से मात दी। सेन के मेंटोर प्रकाश पादुकोण 1980 और 1981 में ऑल इंग्लैंड फाइनल में पहुंचे थे, और उन्होंने पहली बार में ही खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज की थी। शनिवार को सेन और लाई के बीच हुए सेमीफाइनल मैच में दोनों खिलाड़ियों के स्टैमिना का टेस्ट हुआ, क्योंकि उन्होंने कई रैलियां कीं जो 50 स्ट्रोक से ज्यादा चलीं। सेन की अतिरिक्त गेयर ढूंढने की काबिलियत ने ही भारतीय खिलाड़ी को पहला गेम जीतने में मदद की। लक्ष्य ने पहले गेम को 17-16 से अपने नाम किया। हालांकि, बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीतने वाले पहले कैनेडियन खिलाड़ी लाई ने दूसरे गेम में वापसी की और मिड-गेम के ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली।


# मिडिल-ईस्ट तनाव के कारण आईसीसी की दोहा मीटिंग टली

## अब अप्रैल में हो सकती है, नई तारीख अभी तय नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने 25 से 27 मार्च के बीच दोहा (कतर) में होने वाली अपनी बोर्ड और कमेटी मीटिंग को फिलहाल टाल दिया है। अब यह बैठक अप्रैल में होने की संभावना है, हालांकि नई तारीख अभी तय नहीं की गई है। आईसीसी नए तारीख पर विचार कर रहा यह बैठक आईसीसी के गवर्नेंस कैलेंडर का हिस्सा थी, जिसमें बोर्ड डायरेक्टर्स, बोर्डस के चीफ एग्जीक्यूटिव, कमेटी सदस्य और सीनियर अधिकारी शामिल होने वाले थे। बैठक में ग्लोबल क्रिकेट से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा होनी थी।

इससे पहले आईसीसी ने 22 फरवरी को घोषणा की थी कि बैठक दोहा में आयोजित होगी, क्योंकि कतर में क्रिकेट के विकास और वहां के खेल इकोसिस्टम के साथ ढ्रष्टष्ट की साझेदारी तेजी से बढ़ रही है। फिलहाल, आईसीसी नए वेन्यू और तारीख पर विचार कर रहा है। माना जा रहा है कि हालात सामान्य होने पर अप्रैल में यह बैठक कराई जा सकती है।

आईसीसी चेयरमैन जय शाह आज अहमदाबाद में रहेंगे आज टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल अहमदाबाद में खेला जाएगा। इस मौके पर आईसीसी के चेयरमैन जय शाह समेत काउंसिल के कई अधिकारी शहर में मौजूद रह सकते हैं। अहमदाबाद जय शाह का होमटाउन भी है। फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड आमने-सामने होंगी। इस वजह से न्यूजीलैंड के चेयरमैन रोजर ट्वोस के भी आज रात नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मौजूद रहने की संभावना है। जंग का आज नौवां दिन अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज नौवां दिन है। इस जंग में अब तक 1483 मौत हुई है। अब तक इजराइल के 1765 लोग घायल हुए हैं। ईरान में अब तक 6,668 सिविल इलाकों को निशाना बनाया गया है। इन हमलों में 5,535 घरों और 1041 दुकानें को नुकसान पहुंचा।



## संक्षिप्त समाचार

### विदाई लेते हुए भावुक हुए वीके सक्सेना, बोले- दिल्ली से जा रहा हूं, दिल से नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। लद्दाख के उपराज्यपाल घोषित होने के बाद दिल्ली के निवर्तमान एलजी



वीके सक्सेना ने शनिवार शाम एक अनौपचारिक बातचीत में दिल्ली के प्रति अपने लगाव और अधूरे रह गए विकास कार्यों पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, मैं दिल्ली से जा रहा हूं, लेकिन लोगों के दिल से नहीं। सक्सेना ने कहा, दिल्ली सरकार को किसी भी तरह की सहायता या सुझाव की आवश्यकता होगी, तो मैं हमेशा एक फोन पर उपलब्ध रहूंगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि शहर के विकास के लिए उनका सहयोग लद्दाख में रहते हुए भी बना रहेगा। अपने कार्यकाल की समीक्षा करते हुए सक्सेना ने उन सपनों का जिक्र किया जो समय की कमी के कारण धरातल पर नहीं उतर सके। वह नरेला की टीकरी खुर्द झील को एक विश्वस्तरीय रूप में विकसित करना चाहते थे। उन्होंने कहा, मेरा सपना था कि इसे छह माह में पूरा कर दूं, लेकिन अब कह नहीं सकता कि इस पर आगे कितना काम हो पाएगा। सराय काले खां स्थित बासेरा पार्क में एक भव्य बांस का गुंबद बनाने की उनकी योजना थी। इसके लिए पास की कुछ अतिरिक्त जमीन पर काम भी शुरू करवा दिया गया था। अब मिशन लद्दाख पर रहेगा ध्यान उन्होंने कहा कि दिल्ली में अपनी तरफ से उन्होंने अधिकतम प्रयास किए, लेकिन अब उनकी प्राथमिकता लेह–लद्दाख को संवारना होगी। लद्दाख की भौगोलिक और रणनीतिक चुनौतियों के बीच वहां विकास कार्यों को गति देना उनके लिए एक नया और महत्वपूर्ण लक्ष्य है। दिल्ली के नए उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू बुधवार ( 11 मार्च ) को पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। इसके अगले दिन, यानी 12 तारीख को सक्सेना दिल्ली से लद्दाख के लिए रवाना हो जाएंगे और 13 तारीख को लद्दाख के एलजी के रूप में अपना कार्यभार संभालेंगे।

### आईएनए से रायसीना हिल्स तक दौड़ी डबल डेकर बस, सिग्नल पर रुकी तो लोगों ने ली फोटो

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** लुटियन जोन की सड़कों पर दौड़ रही डबल डेकर बस शनिवार की सुबह कौतूहल का केंद्र बनी। सिग्नल पर




जहां भी रुकी, लोगों ने हैरानी से निहारा। फोटो खींचा, खूब वीडियो भी बनाए। वहीं ऊंचाई से दिल्ली की सड़कों को पहली बार निहारते चल रहे पर्यटक भी आनंदित नजर आए। मौका था राष्ट्रपति भवन में शनिवार को आयोजित होने वाले चेंज आफ गार्ड सेरेमनी के लिए पहली बार शुरू डबल डेकर बस सेवा का। दिल्ली पर्यटन विभाग की ओर से इसकी शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य जेन–जी को देश की सेरेमोनियल परंपरा से परिचित कराना है। पर्यटन विभाग के मुताबिक एक्सपीरिएंशल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, ताकि जेन–जी के साथ ही पर्यटक राजधानी दिल्ली की विरासत, संस्कृति और सेरेमोनियल परंपराओं से करीब से जुड़ सकें। इस पहल के तहत राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले चेंज आफ गार्ड सेरेमनी देखने के लिए पहला डबल डेकर बस टूर आयोजित किया। यह विशेष टूर हर शनिवार को सुबह 7.30 बजे आइएनए से शुरू हुआ। इसका किराया बच्चों व बड़ों सभी के लिए 199.50 रुपये है।

# कुत्ता काटे तो दिल्ली के 2 अस्पतालों में न जाएं, नहीं मिलेगी एंटी-रेबीज वैक्सीन; जीटीबी में बढ़ा दबाव

**पूर्वी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार का दावा था कि किसी भी सरकारी अस्पताल में एंटी रेबीज वैक्सीन की कोई कमी नहीं होगी। हालांकि इन दिनों लोगों को कुत्ता काटने के बाद अस्पताल में एंटी रैबीज वैक्सीन न होने से परेशान होना पड़ रहा हैं। आलम यह है कि यमुनपार के ज्यादातर अस्पतालों में वैक्सीन ही नहीं है। जीटीबी अस्पताल में वैक्सीन उपलब्ध है तो यहां मरीजों को घंटों लाइन में लगकर वैक्सीन लगवानी पड़ती है। शास्त्री पार्क स्थित जग प्रवेश चंद्र अस्पताल और डॉ. हेडगेवार आरोग्य संस्थान में एंटी रेबीज वैक्सीन खत्म होने से मरीजों को दूसरे अस्पतालों में रेफर किया जा रहा हैं। दोनों अस्पतालों में वैक्सीन खत्म होने के कारण जीटीबी अस्पताल पर मरीजों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, जीटीबी में रोजाना दो हजार से अधिक नए मरीज एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं। इसके अलावा करीब एक हजार पुराने मरीज भी अपनी अगली डोज लगवाने के लिए अस्पताल आते हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण अस्पताल में लंबी कतारें लग रही हैं और लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। जीटीबी में आने वाले करीब 80 प्रतिशत मरीज अन्य अस्पतालों से रेफर होकर पहुंच रहे हैं। अपनी बारी का इंतजार कर रही पूजा निगम ने बताया कि उनके छह वर्षीय बेटे को गली के कुत्ते ने काट लिया था। वह उसे लेकर जग प्रवेश अस्पताल पहुंचीं, जहां डॉक्टर ने ओपीडी कार्ड बनाकर टिटनेस का इंजेक्शन लगा दिया।



पूजा के अनुसार, डॉक्टरों ने बताया कि अस्पताल में एंटी रेबीज वैक्सीन खत्म हो गई है, इसलिए उन्हें आगे की वैक्सीन के लिए जीटीबी अस्पताल जाने की सलाह दी गई। इसके बाद वह बेटे को लेकर जीटीबी अस्पताल पहुंचीं, जहां पहले से ही मरीजों की लंबी कतार लगी हुई थी। मंडावली निवासी आलोक ने बताया कि वह वैक्सीन लगवाने के लिए सुबह आठ बजे से अस्पताल में लाइन में खड़े हैं, लेकिन दोपहर बाद तीन बजे तक भी उनका नंबर नहीं आया था। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी और भीड़ के कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एंटी रेबीज वैक्सीन सुबह आठ से रात आठ बजे तक लगाई जा रही हैं। सामान्य दिनों में नए व पुराने मरीजों को मिलाकर एक हजार आ जाते थे परंतु कुछ दिनों से संख्या काफी बढ़ गई है। सभी मरीजों को वैक्सीन लगाकर भेजा जा रहा है।

# पीएम मोदी के बुराड़ी दौरे पर सड़कों पर रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

**बाहरी दिल्ली, एजेंसी।** डीडीए उत्सव स्थल-3, निरंकारी मंडल के सामने आधिकारिक समारोह के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई वीआईपी आठ मार्च को विभिन्न आवासीय परियोजनाओं और दिल्ली मेट्रो के कई खंडों के उद्घाटन के लिए डीडीए उत्सव स्थल, बुराड़ी ग्राउंड का दौरा करेंगे। शांति स्वरूप त्यागी मार्ग कैंप चौक से बुराड़ी चौक तक, शाह आलम बांध मार्ग (शांति स्वरूप त्यागी मार्ग टी प्वाइंट से मजलिस पार्क रेड लाइट तक) सुबह 7.30 बजे से दो बजे तक बंद रहेंगी। केवल लेबल वाले वाहनों को इन सड़कों पर यात्रा करने की अनुमति होगी। सभी यातायात किंग्सवे कैंप चौक से



डायवर्ट किए जाएंगे और उन्हें आयोजन स्थल बुराड़ी चौक की और जाने की अनुमति नहीं होगी। सभी यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी यात्रा के लिए बुराड़ी फ्लाईओवर मुकुंदपुर फ्लाईओवर लें और बुराड़ी चौक और मुकुंदपुर चौक से बचें।

**फ्लाईओवर के भी शुरू होने की उम्मीद है**

# मेट्रो से लाखों लोगों को होगा फायदा, डबल डेकर फ्लाईओवर से खत्म होगा जाम

**पूर्वी दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के लाखों लोगों को रविवार के दिन प्रधानमंत्री मेट्रो की सौगात देंगे। इससे यहां के लाखों लोगों का दिल्ली का सफर आसान होने जा रहा है। मौजपुर से मजलिस पार्क मेट्रो कॉरिडोर के शुरू होने के बाद उत्तर पूर्वी दिल्ली भी रिंग मेट्रो कॉरिडोर का हिस्सा बन जाएगी। वहीं, एक माह में भजनपुरा पर बन रहे डबल डेकर फ्लाईओवर के भी शुरू होने की उम्मीद है। इसके बाद उत्तर पूर्वी दिल्ली के सबसे बड़े जाम प्वाइंट पर भी वाहनचालकों को राहत मिल जाएगी। मेट्रो सेवा शुरू होने से मौजपुर, यमुना विहार, भजनपुरा, खजूरी खास, करावल नगर, गंगा विहार, ब्रह्मपुरी समेत दो दर्जन से अधिक इलाकों के लोगों का सफर आसान हो जाएगा। अभी इन क्षेत्रों के लोगों को दिल्ली के अन्य हिस्सों में जाने के लिए मेट्रो के रेड लाइन के स्टेशनों तक ऑटो या रिक्शा से जाना पड़ता है। इस दौरान ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है। मौजपुर-मजलिस पार्क कॉरिडोर के चालू होने के बाद लोगों को तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन का विकल्प मिलेगा। भजनपुरा चौराहा लंबे समय से उत्तर-पूर्वी दिल्ली का सबसे बड़ा जाम प्वाइंट बना हुआ है। यहां से गुजरने वाले हजारों वाहन रोजाना जाम में फंस जाते हैं। मेट्रो लाइन के नीचे बन रहा डबल डेकर फ्लाईओवर इस समस्या को काफी हद तक



कम करेगा। फ्लाईओवर शुरू होने के बाद वाहन बिना रुके सीधे आगे बढ़ सकेंगे, जिससे ट्रैफिक का दबाव कम होगा और लोगों का समय भी बचेगा। भजनपुरा चौराहे पर बन रहा डबल डेकर फ्लाईओवर अपने आप में दिल्ली की पहली ऐसी परियोजना है। इसके ऊपरी स्तर पर मेट्रो ट्रैक बनाया गया है, जबकि उसके नीचे सड़क यातायात के लिए फ्लाईओवर तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य मेट्रो और वाहनों की आवाजाही को सुचारु बनाना है। अभी ऑफिस जाने में काफी समय लग जाता है। मेट्रो शुरू होने के बाद सफर आसान और तेज हो जाएगा। इससे क्षेत्र के विकास में भी तेजी आने की उम्मीद है। - विकास, निवासी खजूरी खास इलाके में ट्रैफिक जाम एक बड़ी समस्या रही है। फ्लाईओवर और मेट्रो के शुरू होने के बाद रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिलेगी और लोगों का काफी समय बचेगा।

# कैंसर समेत महिला स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए देश बढ़ा रहा मजबूत कदम, क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश कैंसर सहित महिला स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा रहा है। अब सरकार के स्तर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तीकरण की केवल कोरी बातें नहीं हो रहीं, बल्कि महिला स्वास्थ्य सुरक्षा को महिला सशक्तीकरण के केंद्र में रख पूरी गंभीरता के साथ काम किया जा रहा है। विशेषकर कैंसर की रोकथाम, मासिक धर्म सुरक्षा चक्र और महिलाओं की बुनियादी स्वास्थ्य जरूरतों पर सरकार और स्वास्थ्य संस्थानों की ओर से कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। भारत में हर वर्ष लगभग 16 लाख नए कैंसर मरीज सामने आते हैं, इनमें करीब 50 प्रतिशत यानी आठ लाख महिलाएं होती हैं। महिलाओं में स्तन कैंसर सबसे अधिक पाया जाता है, इसके बाद गर्भाशय ग्रीवा (सर्विकल), डिम्बग्रंथि (ओवरी), गर्भाशय व फेफड़ों के कैंसर होते हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम (एनसीआरपी) के अनुसार महिलाओं में होने वाले कुल कैंसर मामलों में लगभग 28 प्रतिशत मामले स्तन कैंसर के हैं। इंटरनेशनल एजेंसी फार रिसर्च आन कैंसर के आंकड़ों के मुताबिक भारत में हर वर्ष 1.23 लाख नए सर्विकल कैंसर के मामले सामने आते हैं, जिसमें से करीब 77 हजार महिलाओं की मृत्यु हो जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि टीकाकरण, नियमित जांच और जागरूकता बढ़ाने से इन बीमारियों के बोझ को काफी हद तक कम किया जा



सकता है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार महिला स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों तेजी से आगे बढ़ाया है। वहीं, किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण आरंभ किया हैं। एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है। समय पर टीकाकरण से इस बीमारी को कम किया जा सकता है। इसी तरह महिलाओं में कैंसर की आरंभिक पहचान और प्रभावी उपचार के लिए नेशनल प्रोग्राम फार प्रिवेंशन एंड कंट्रोल आफ कैंसर, डायबिटीज, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज एंड स्ट्रोक के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं की स्तन, सर्विकल और मुख कैंसर की स्क्रीनिंग सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में की जा रही है। इसमें एआई का भी उपयोग किया जा रहा है। सरकार ने महिलाओं की बुनियादी स्वास्थ्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मासिक धर्म स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया है। महिलाओं को देशभर के जन औषधि केंद्रों पर 'सुविधा सैनिटरी नैपकिन' केवल एक रुपये प्रति पैड की कीमत पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह विशेष रूप से ग्रामीण व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं व किशोरियों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए अति महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, मासिक धर्म के दौरान अस्वच्छता के कारण प्रजनन तंत्र संक्रमण, मूत्र संक्रमण, त्वचा संक्रमण, सूजन रोग और दीर्घकाल में बांझपन जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

**नेतन्याहू ने ईरान पर क्या आरोप लगाए?**

# परमाणु खतरे को खत्म करना दुनिया के लिए जरूरी

**तेल अवीव , एजेंसी।** स्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना पूरी दुनिया के लिए जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि ईरान ने हाल के दिनों में आसपास के कई देशों को निशाना बनाया है। इसके साथ ही नेतन्याहू ने इस्राइल की सैन्य ताकत पर कई बातें कही। आइए विस्तार से जानते हैं कि क्या कुछ नेतन्याहू ने ईस्राइली जनता संबोधित किया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना सिर्फ इस्राइल के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए जरूरी है। नेतन्याहू ने कहा कि अगर इस्राइल अपने अभियान में सफल होता है तो इससे क्षेत्र में शांति का दायरा और बढ़ेगा और कई नए देशों के साथ सहयोग के रास्ते खुलेंगे। इस्राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि ईरान में अयातुल्ला शासन पूरी दुनिया के लिए खतरा बन गया है। उनके अनुसार हाल के दिनों में ईरान ने अपने आसपास के 12 देशों को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि इन देशों की सुरक्षा को लेकर इस्राइल उनके साथ खड़ा है। नेतन्याहू का कहना है कि ईरान की नीतियां पूरे क्षेत्र में अस्थिरता पैदा



कर रही हैं और इसे रोकना जरूरी है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनान से कहा है कि 2024 के युद्धविराम समझौते को लागू करना उसकी जिम्मेदारी है। एक वीडियो बयान में नेतन्याहू ने कहा कि लेबनान को हिजबुल्लाह को निरस्त्र करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो हिजबुल्ला की कार्रवाई से लेबनान को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

नेतन्याहू ने आगे कहा कि इस्राइल अपने नागरिकों और सीमावर्ती समुदायों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। उन्होंने लेबनान से कहा कि वह अपनी किस्मत खुद तय करे। वहीं क्षेत्र में तनाव के बीच इस्राइल ने लेबनान के कई इलाकों, जिनमें राजधानी भी शामिल है, पर हमले जारी रखे हैं। नेतन्याहू ने कहा कि कई देशों ने इस्राइल की सैन्य ताकत और उसकी तैयारी को करीब से देखा है। उन्होंने कहा कि इस्राइल की सेना, उसके सैनिकों की बहादुरी और देश की तकनीकी क्षमता ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। उनके अनुसार इस्राइल तेहरान के शासकों के खिलाफ मजबूती से खड़ा है और जरूरत पड़ने पर अपनी सुरक्षा के लिए हर कदम उठाने को तैयार है। नेतन्याहू ने दावा किया कि मौजूदा हालात में कई देश इस्राइल के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई देशों ने इस्राइल की क्षमताओं को देखते हुए उससे संपर्क किया है।

### अब हमें मदद की जरूरत नहीं, लेकिन याद रखेंगे', ईरान युद्ध पर डोनाल्ड ट्रंप ने स्टार्मर पर साधा निशाना

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पर तीखा हमला बोला है। ट्रंप ने कहा कि ब्रिटेन अब मध्य पूर्व में दो विमानवाहक पोत भेजने पर विचार कर रहा है, लेकिन अब इसकी जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि युद्ध लगभग जीत लेने के बाद सहयोग देने का कोई मतलब नहीं होता। ट्रंप ने साफ कहा कि अमेरिका ऐसे देशों को याद रखता है जो संघर्ष के समय साथ खड़े होते हैं और जो देर से आते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि ब्रिटेन कभी अमेरिका का सबसे बड़ा सहयोगी रहा है। उन्होंने कहा कि अब ब्रिटेन मध्य पूर्व में दो विमानवाहक पोत भेजने पर विचार कर रहा है, लेकिन अमेरिका को अब उसकी जरूरत नहीं है। ट्रंप ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका उन लोगों को नहीं चाहता जो युद्ध खत्म होने के बाद शामिल होते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका यह जरूर याद रखेगा कि किसने कब सहयोग दिया। इसके बाद ट्रंप ने कहा कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री शुरुआती दौर में सैन्य सहयोग देने से हिचक रहे थे।

**ट्रंप ने ईरानी शासन पर लगाया आरोप, कहा- इसमें अमेरिका का हाथ नहीं**

# क्या ईरान ने ही मिनाब स्कूल पर किया हमला?

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के मिनाब शहर के एक स्कूल पर हुआ हमला खुद ईरान ने किया था। इस हमले में 165 लोगों की मौत हुई। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका इसमें शामिल नहीं है। आइए, जानते हैं इस पर ट्रंप ने क्या कुछ कहा। अमेरिका और इस्राइल के साथ ईरान के जारी संघर्ष के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा किया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान के मिनाब शहर में जिस प्राथमिक स्कूल पर हमला हुआ और जिसमें कम से कम 165 लोगों की मौत हुई, उसके पीछे खुद ईरान जिम्मेदार है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका इस हमले में शामिल नहीं है। ट्रंप से डेलावेयर के डोवर एयर फोर्स बेस पर एक पत्रकार ने पूछा था कि क्या अमेरिका ने उस स्कूल पर हमला किया था। इस पर ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का इससे कोई लेना-देना नहीं है और यह हमला ईरान की ओर से किया गया। ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्हें ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि रूस ईरान की मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा संघर्ष में कई तरह की अफवाहें फैल रही हैं, लेकिन अभी तक रूस की प्रत्यक्ष भूमिका के कोई प्रमाण सामने नहीं आए हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि वह नहीं चाहते कि कुर्द बल ईरान के अंदर जाकर किसी तरह की सैन्य कार्रवाई करें। उनके अनुसार इससे क्षेत्र में स्थिति और ज्यादा जटिल हो सकती है। ईरान के नेतृत्व को लेकर ट्रंप का क्या बयान रहा? ट्रंप ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि ईरान में ऐसा राष्ट्रपति हो जो देश को



युद्ध की दिशा में न ले जाए। उन्होंने कहा कि अमेरिका हर कुछ वर्षों में फिर से संघर्ष की स्थिति नहीं चाहता। उनके अनुसार अगर ईरान में ऐसा नेतृत्व आता है जो शांति और स्थिरता को प्राथमिकता देता है तो इससे पूरे क्षेत्र में तनाव कम हो सकता है। ट्रंप ने यह भी कहा कि अगर ईरान बिना शर्त आत्मसमर्पण करता है या उसकी सैन्य क्षमता खत्म हो जाती है, तो इसे संघर्ष के अंत के रूप में देखा जाएगा।

### डोवर एयर फोर्स बेस पर क्या हुआ?

इस बीच ट्रंप डेलावेयर के डोवर एयर फोर्स बेस पहुंचे, जहां उन्होंने अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में मारे गए अमेरिकी सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। वहां अमेरिकी झंडे में लिपटे ताबूतों को विमान से उतारा गया। इस दौरान ट्रंप ने सैनिकों को सलामी दी और उन्हें सम्मान दिया। डोवर एयर फोर्स बेस अमेरिका में युद्ध में मारे गए सैनिकों के पार्थिव शरीर लाने का प्रमुख केंद्र माना जाता है।

### तेल की कीमतों और हमलों के आरोपों पर क्या बोले ट्रंप?

ट्रंप ने कहा कि मौजूदा संघर्ष के कारण तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं, लेकिन बाद में वे तेजी से गिर भी सकती हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार इस स्थिति को धीरे-धीरे संभाल लेगा। वहीं ईरान के उस दावे पर कि अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास क़ेश्म द्वीप पर जल शोधन संयंत्र को निशाना बनाया, ट्रंप ने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# ईरान का हमला: ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की 27वीं स्ट्राइक, नए ड्रोन-मिसाइलों से अमेरिका-इस्राइल ठिकानों पर निशाना

**तेहरान, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 के तहत 27वीं लहर के हमलों की शुरुआत करने का दावा किया है। ईरान के इस विशिष्ट सैन्य बल ने कहा कि यह कार्रवाई अमेरिका और इस्राइल की ओर से कथित उकसावे वाली सैन्य कार्रवाई के जवाब में की गई है। ईरानी सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी के अनुसार, इस चरण में ड्रोन और मिसाइलों के संयुक्त हमले किए गए, जिनका मुख्य निशाना इस्राइल के उत्तरी हिस्सों में मौजूद सैन्य ढांचे को बनाया गया। आईआरजीसी ने बताया कि इस हमले में उसकी एयरोस्पेस डिवीजन ने नए खैबर-शेकन सॉलिड-फ्यूल मिसाइलों का उपयोग किया। इन मिसाइलों में टारगेट तक पहुंचने के अंतिम चरण तक मार्गदर्शन की क्षमता मौजूद है। ईरानी सैन्य बयान के मुताबिक इन मिसाइलों से इस्राइल के उत्तरी शहर हाइफा में मौजूद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट के अनुसार आईआरजीसी ने ड्रोन के



जरिए उन इलाकों को भी निशाना बनाया जहां अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। दावा किया गया कि एक ड्रोन यूनिट ने उस स्थान को निशाना बनाया जहां अमेरिकी बल मौजूद थे और जो वार्नर ब्रदर्स कंपनी की इमारतों के पास स्थित है। आईआरजीसी ने यह भी कहा कि उसकी नौसेना ने बहरीन के सलमान पोर्ट पर मौजूद अमेरिकी नौसेना के ढांचे को निशाना बनाया। यह स्थान अमेरिकी नेवी के पांचवें फ्लीट से जुड़ा माना जाता है। ईरानी सेना के अनुसार यहां मानव रहित सतही जहाजों के कमांड सेंटर और सैन्य सहायता हैंगर पर हमले किए गए। ईरान का दावा है कि इन हमलों के बाद इस्राइल के कई क्षेत्रों में लगातार आपातकालीन सायरन बज रहे हैं और हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। आईआरजीसी ने यह भी आरोप लगाया कि इस्राइली प्रशासन सैन्य ठिकानों की सुरक्षा के लिए नागरिकों को कुछ इलाकों में सीमित कर रहा है।

आईआरजीसी ने अपने बयान में कहा कि ईरानी सशस्त्र बल लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष के लिए तैयार हैं और उनकी यूनिट्स सटीक योजना के साथ अमेरिकी बलों की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं।गौरतलब है कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की शुरुआत पिछले सप्ताह विदेशी हमलों के बाद हुई थी। इसके बाद से ईरान की ओर से सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइल और आत्मघाती ड्रोन दागे जाने का दावा किया गया है। इनमें तेल अवीव, यरूशलेम और बेर्शेबा जैसे अहम इलाकों को निशाना बनाने की बात कही गई है।

# अब जागना जरूरी, महिलाएं - बेटियां बदलाव की वाहक बनें: उपायुक्त




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शिबू सोरेन समृति भवन (टाउन हॉल) सभागार में आयोजित महोत्सव में अपने संबोधन में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने कहा कि समाज में वास्तविक बदलाव तभी संभव है जब महिलाएं और बेटियां आगे आकर नेतृत्व की भूमिका निभाएं।

### बेटा-बेटी में भेदभाव की मानसिकता समाप्त करनी होगी

उपायुक्त ने कहा कि समाज में परिवर्तन की प्रक्रिया लंबी होती है। लगभग 100 वर्ष पहले तक सती प्रथा जैसी कुप्रथा समाज में सामान्य बात मानी जाती थी, लेकिन सामूहिक प्रयासों और जागरूकता के कारण उसे समाप्त कर इतिहास बना दिया गया। उसी प्रकार अब बेटा और बेटी में भेदभाव करने वाली मानसिकता को भी समाज से खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि जब तक सोच में बदलाव नहीं आएगा, तब तक वास्तविक समानता संभव नहीं है।

### महिलाओं को मंच मिला है, लेकिन चुनौतियां अभी बाकी

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहलें की गई हैं। प्रशासन ने बाल विवाह के खिलाफ अभियान, बधाई हो बेटी हुई है जैसे सकारात्मक संदेश देने वाले कार्यक्रम तथा पंचायतों और अन्य संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण जैसी योजनाओं ने महिलाओं को आगे आने का अवसर दिया है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि कई जगहों पर अभी भी महिलाओं को केवल औपचारिक रूप से पद मिल जाता है, लेकिन निर्णय लेने की शक्ति पुरुषों के हाथ में रहती है। मुखिया पति जैसी प्रवृत्तियां इसी सोच का उदाहरण हैं, जिसे बदलना जरूरी है।

### महिलाओं को स्वयं नेतृत्व संभालना होगा

उपायुक्त ने कहा कि अब समय आ गया है कि महिलाएं खुद आगे बढ़कर जिम्मेदारी की कमान संभालें। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से महिलाओं के उत्थान और सम्मान की नई शुरूआत की गई है। जिला प्रशासन ने मंईयां सम्मान से उत्थान झ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है।

### बेटियां समाज और देश की महत्वपूर्ण मानव संसाधन

उन्होंने कहा कि बेटियों का जन्म केवल शादी के लिए नहीं हुआ है। वे समाज, राज्य और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली मानव संसाधन हैं। इसलिए परिवार और समाज को चाहिए कि वे बेटियों को शिक्षा, अवसर और प्रोत्साहन दें, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें।

### सामाजिक सोच में बदलाव जरूरी

उपायुक्त ने कहा कि समाज में सम्मान और समानता की भावना को मजबूत करने के लिए छोटे-छोटे बदलाव भी महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि घरों के बाहर लगे बोर्ड पर पत्नी का नाम पहले लिखाने जैसी पहल से भी सम्मान का संदेश दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बेटियां अपनी पसंद का पहनावा पहनें और अपनी जिंदगी से जुड़े फैसले खुद लें। किसी महिला के पति के निधन के बाद वह बिंदी लगाए या न लगाए, यह उसका व्यक्तिगत निर्णय होना चाहिए और समाज को उसका सम्मान करना चाहिए। अंत में उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें और ऐसा वातावरण बनाएं, जहां महिलाएं सम्मान, आत्मविश्वास और स्वतंत्रता के साथ जीवन जी सकें।

## दीप प्रज्वलन के साथ महिला महोत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को शिबू सोरेन स्मृति भवन (टाउन हॉल) में दीप प्रज्वलन के साथ महिला महोत्सव सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डीसी अजय नाथ झा, एसपी हरविंदर सिंह, डीडीसी शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका, एसी मो. मुमताज अंसारी, एफओ संदीप शिंदे, एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता ने उपस्थित लोगों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास और उसके महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह दिवस महिलाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अतिथियों का पारंपरिक रूप से साल ओढ़ाकर एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

## बेटियों को बनाएं आकांक्षी और हर परिवार में लिंग समानता का संदेश फैलाएं : डीडीसी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने अपने संबोधन में कहा कि घरों में सभी सदस्यों बेटा - बेटी, ननद आदि को महिलाओं को प्रेरित करना चाहिए कि वे आकांक्षी और सशक्त बनें। उन्होंने कहा कि बच्चों को यह समझाना बेहद जरूरी है कि मम्मी केवल रोटी बनाने के लिए नहीं हैं और पापा केवल पैसे कमाने के लिए नहीं हैं। डीडीसी ने जोर देकर कहा कि मुखिया पति जैसे प्रवृत्तियों को समाप्त करना होगा और हर दिन हर घर में महिलाओं के योगदान का सम्मान करते हुए वुमन डे सेलिब्रेट करना चाहिए। उन्होंने परिवार और समाज से अपील की कि वे बेटियों को उनके सपनों और अधिकारों के लिए प्रेरित करें और महिलाओं के महत्व को हर कदम पर महसूस कराएं। उनका संदेश था कि महिला सशक्तिकरण केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि हर घर में रोजाना निभाई जाने वाली जिम्मेदारी है, जिससे समाज और आने वाली पीढ़ियां समानता और सम्मान की भावना के साथ बड़े हों।

## महिलाएं अपने टैलेंट के दम पर कई मामलों में पुरुषों से बेहतर प्रदर्शन कर रहीं : एसपी




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह ने कहा कि आज की महिलाएं अपने टैलेंट, मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। कई मामलों में वे पुरुषों से बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं और अपनी क्षमता का लोहा मनवा रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और व्यवसाय सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। एसपी ने कहा कि महिलाएं अपनी जिम्मेदारियों को भली-भांति समझती हैं और पूरे समर्पण, डेडिकेशन तथा पैशन के साथ अपने कार्यों को अंजाम देती हैं। यही वजह है कि आज वे न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और देश के विकास में भी अहम योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं सबको साथ लेकर चलने की भावना रखती हैं, जो समाज को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने महिला सुरक्षा के मुद्दे पर महिलाओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पुलिस विभाग लगातार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कई कदम उठा रहा है, लेकिन इस दिशा में महिलाओं की भागीदारी भी बेहद जरूरी है। महिलाओं से विशेष रूप से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वे अपने घरों में बच्चों को महिलाओं/बेटियों के सम्मान और सुरक्षा के प्रति जागरूक करें तथा उन्हें अच्छे संस्कार दें। एसपी ने कहा कि यदि परिवार और समाज मिलकर बच्चों को सही दिशा देंगे तो महिलाओं के प्रति अपराधों में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण बनाना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। जब पुलिस और समाज मिलकर काम करेंगे, तभी महिला सुरक्षा को मजबूत किया जा सकेगा और एक बेहतर समाज का निर्माण होगा।

## महिला महोत्सव सप्ताह के तहत पिंक ऑटो जागरूकता रथ को दिखाई गई हरी झंडी

### महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश देने के लिए प्रशासन की पहल




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित महिला महोत्सव सप्ताह के तहत शिबू सोरेन स्मृति भवन (टाउन हॉल) परिसर से पिंक ऑटो जागरूकता रथ को जिला प्रशासन द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर डीसी अजय नाथ झा, एसपी हरविंदर सिंह, डीडीसी शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर श्रीमती मेनका, एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा, वन पदाधिकारी संदीप शिंदे सहित अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना है। पिंक ऑटो जागरूकता रथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर महिलाओं से जुड़े अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देगा। अधिकारियों ने कहा कि महिला महोत्सव सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को जागरूक और सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पिंक ऑटो रथ के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक महिला सुरक्षा और सम्मान का संदेश पहुंचाया जाएगा।

## उत्कृष्ट व अनुकरणीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीसी अजय नाथ झा, एसपी श्री हरविंदर सिंह, डीडीसी शताब्दी मजूमदार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने महिला कर्मचारियों को उनके योगदान और मेहनत के लिए बधाई दी। इस अवसर पर हेल्थ विभाग से कंचन (जिला डेटा प्रबंधक) और सुनीता लाखड़ा (सीएचओ,चास), शिक्षा विभाग से ममता कुमारी और नमिता कुमारी (दोनों शिक्षक), एसएचजी/ सामाजिक सुरक्षा से प्रमिला देवी और कल्पना देवी (दोनों एसएचजी सदस्य), सामाजिक सुरक्षा विभाग से ट्विंकल (अकाउंट क्लर्क), चंदा रानी (सीडीपीओ) और बालिका कुमारी (सेविका), कृषि विभाग से वर्षा रानी (क्लर्क), पशुपालन विभाग से चारु चंद्रा (ऑपरेटर), परिवहन विभाग से रितु कुमारी (ऑपरेटर), जिला खेल कार्यालय से आशा किरण बरला (अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी) और पुलिस विभाग से सुष्मा कुमारी तथा सुनील लिंडा (दोनों थाना प्रभारी, चास) आदि को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने महिलाओं के योगदान, मेहनत और समाज में उनके सशक्तिकरण की दिशा में किए गए प्रयासों को सराहा।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : अस्मिता खेलो इंडिया के तहत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बोकारो में मेरा युवा भारत और भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में चंदनकियारी स्थित एथलेटिक्स स्टेडियम में अस्मिता खेलो इंडिया के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले भर से अलग-अलग आयु वर्ग की स्कूली छात्राओं और महिलाओं ने भाग लेकर अपने दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। भीषण गर्मी और उमस के बावजूद प्रतिभागियों ने 100 मीटर से लेकर 400 मीटर तक की दौड़ में अपनी क्षमता और मनोबल का अनुकरणीय प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने महिला दिवस के मौके पर खेल के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश भी दिया। विजेता प्रतिभागियों ने महिला दिवस के अवसर पर सरकार की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से किशोरियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है और यह साबित करने का अवसर मिलता है कि वे किसी से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए इस तरह के आयोजन बेहद जरूरी हैं। प्रतियोगिता में शताब्दी मजूमदार, उप विकास आयुक्त, बोकारो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर अजय, प्रखंड विकास पदाधिकारी, चंदनकियारी तथा गौरव कुमार, जिला युवा अधिकारी, बोकारो भी उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बालिकाओं को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। जिला युवा अधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि अस्मिता पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक बालिकाओं एवं महिलाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ना तथा उनमें स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है। उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह और सहभागिता की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

## जल महोत्सव पखवारा के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शिबू सोरेन स्मृति भवन (टाउन हॉल) सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जल महोत्सव पखवारा के तहत नमामि गंगे योजना अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। क्विज प्रतियोगिता में नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार ने नमामि गंगे योजना, जल संरक्षण और पर्यावरण से जुड़े विभिन्न प्रश्न प्रतिभागियों से पूछे। प्रतियोगिता में शामिल महिला प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रश्नों के उत्तर दिए। सही उत्तर देने वाली सभी महिला प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के बीच जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में जल और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश जाता है।

## बोकारो पुलिस ने नारी शक्ति का संदेश देते हुए विशेष अभियान चलाया




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के नेतृत्व में महिला पुलिस कर्मियों में चास थाना प्रभारी सुषमा कुमारी, सेक्टर 6 थाना प्रभारी संगीता कुमारी और चास महिला थाना प्रभारी सुनीला लिंडा और नगर महिला पुलिस मीरा लकड़ा के साथ कई महिला पुलिस कर्मियों ने शहर के विभिन्न चौक चौराहों एवं अन्य स्थानों पर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों की जांच की और लोगों को सुरक्षा का संदेश दिया। इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने नया मोड़ बिरसा चेक पोस्ट एवं चास चेक पोस्ट सहित कई प्रमुख जगहों पर वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों की जांच की गई तथा नियम तोड़ने वालों को चेतावनी दी गई। वहीं, हेलमेट पहनकर सुरक्षित वाहन चलाने वाली महिलाओं को महिला पुलिसकर्मियों द्वारा सम्मानित भी किया गया।

### महिलाएं हर क्षेत्र में सशक्त और सक्षम हैं-

इस मौके पर बोकारो पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर महिला पुलिसकर्मियों को आगे रखकर यह विशेष जांच अभियान चलाया गया है, ताकि समाज में यह संदेश जाए कि महिलाएं हर क्षेत्र में सशक्त और सक्षम हैं। उन्होंने बोकारो वासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या पुलिस सहायता के लिए तुरंत 112 नंबर पर सूचना दें। झारखंड पुलिस का लक्ष्य ह्लसेवा ही लक्ष्यह्व है और बोकारो पुलिस हमेशा जनता की सेवा में तत्पर है।

## तनिष्क ज्वेलर्स शोरूम लूट के प्रयास के मामले में दो और गिरफ्तार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के सिटी सेंटर स्थित तनिष्क ज्वेलर्स शोरूम में विगत 11 जनवरी को लूट के प्रयास मामले में पुलिस ने बिहार के बेगूसराय चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र निवासी शुभम कुमार को गुजरात के सूरत और पंकज कुमार को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। ट्रांजिट रिमांड पर बोकारो लाने पर पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर लूट के प्रयास में इस्तेमाल किया गया दो पिस्तौल चार जिंदा गोली और एक बाइक को पुलिस ने बरामद किया है। इसकी जानकारी एसपी हरविंदर सिंह ने दी हैं। एसपी ने बताया कि घटना के बाद से ही पुलिस की टीम अपराधियों को गिरफ्तार करने में लगी हुई थी। शुभम कुमार सूरत में सिक्योरिटी गार्ड में नौकरी कर रहा था, जबकि पंकज कुमार मजदूरी का काम कर रहा था। एसपी ने बताया कि शुभम कुमार के खिलाफ बिहार के बेगूसराय में 4 आपराधिक मामला दर्ज है।

## राष्ट्रपति का अपमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की बौखलाहट का परिणाम : बाबूलाल



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के साथ हुए अपमानजनक व्यवहार को लेकर भाजपा में उबाल देखा जा रहा है। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे ममता बनर्जी के बौखलाहट का परिणाम बताया है। बोकारो में मीडिया से बात करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री समझ चुकी है कि अब उनकी पारी बंगाल से समाप्त हो रही है। इसलिए यह कोई नई घटना नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का कार्यक्रम कोई पार्टी का कार्यक्रम नहीं था राष्ट्रपति किसी पार्टी की नहीं होती है। ऐसे में उस कार्यक्रम में राष्ट्रपति का आना और राष्ट्रपति सर्वोच्च पद होता है वह किसी पॉलिटिकल पार्टी से भी उसका कोई मतलब नहीं रह जाता है और जब जिस भी प्रदेशों में कार्यक्रम के लिए वह जाते हैं तो वहां की सरकार वहां के मुख्यमंत्री खुद प्रेजेंट रहता है, अगर उस कार्यक्रम में खुद मुख्यमंत्री उपस्थित होती तो उसका शरीर तो प्रदेश के मुख्यमंत्री कोई जाता है। लेकिन अपने नहीं जाना मंत्री तक को नहीं भेजना और यहां तक की डीएम को भी वहां नहीं भेजना जब की डीम वहीं पर थे। आज मैने सवेरे पता कि तो इससे लगता है कि ममता बिल्कुल बौखला चुकी है और उनको समझ में यह भी आ चुका है कि आप 2026 के विधानसभा चुनाव के बाद अब बंगाल उनके हाथों से पूरी तरह से निकल चुका है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com